राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 202
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 17 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन
पेज 4 यूपी के 46 शहरों में बारिश, बरेली में हाईवे डूबा
पेज 6 भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज से पहले करुण नायर का खुलासा

## संक्षिप्त खबरें

### एअर इंडिया का विमान हॉन्गकॉन्ग लौटा

**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट सोमवार को वापस लौट गई। इसमें तकनीकी खराबी की बात सामने आई है। यह उड़ान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर की थी। वहीं, रविवार को भारत आ रहे बोइंग के दो ड्रीमलाइनर प्लेन भी बीच रास्ते से लौट गए थे। इनमें से एक फ्लाइट लंदन से चेन्नई और दूसरी जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। दोनों की सोमवार को लैंडिंग होनी थी। ब्रिटिश एयरवेज के चेन्नई आ रहे बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर को तकनीकी खराबी के चलते लौटना पड़ा। लुफ्थांसा एयरलाइन (जर्मनी) के बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

### महिला आईएएफ अफसर को नौकरी से नहीं हटाने के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और वायुसेना को निर्देश दिया कि वे उस महिला अधिकारी को नौकरी से न हटाएं, जिसे स्थायी कमीशन देने से मना कर दिया गया था। इस फैसले को लेकर जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने 22 मई के आदेश का हवाला दिया। बेंच ने कहा- विंग कमांडर निकेता पांडे की याचिका पर केंद्र और वायुसेना को इसी तरह के निर्देश दिए गए थे और कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी के मामले में भी यही निर्देश लागू होंगे। कोर्ट ने कहा कि विंग कमांडर कविता भाटी को सेवा से मुक्त नहीं किया जाना चाहिए।

# विजय रूपाणी का राजकोट में अंतिम संस्कार हुआ

## गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, शाह समेत कई नेता मौजूद रहे; अहमदाबाद प्लेन हादसे में जान गंवाई थी

- इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता मौजूद रहे

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का भी निधन हुआ था। सोमवार रात राजकोट के रामनाथ पारा श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, गुजरात के मुख्यमंत्री-राज्यपाल समेत दूसरे नेता मौजूद रहे। राजकोट के निर्मला रोड स्थित प्रकाश सोसाइटी से अंतिम यात्रा शाम करीब 7.30 बजे चली थी जो 9.45 के करीब श्मशान घाट पहुंची। 10 बजे अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा के



दौरान पूरे रास्ते हजारों लोग मौजूद रहे। घरों से निकलकर लोगों ने रूपाणी को श्रद्धांजलि दी। सोमवार शाम जब रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके घर अंतिम दर्शन के लिए लाया गया था तब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। इसके अलावा रूपाणी को 21 बंदूकों की सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) भी दिया गया था। शाह ने रूपाणी की पत्नी अंजलीबेन और बेटे ऋषभ से मुलाकात की थी। अहमदाबाद में आज सुबह ही रूपाणी का पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंपा गया था। इसके बाद शव को चार्टर्ड प्लेन से राजकोट लाया गया था।

### अवैध ढांचा



दिल्ली के वजीरपुर इलाके में रेलवे लाइनों के पास अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत अवैध ढांचों को गिराए जाने के बाद मलबे के पास मौजूद निवासी।

# चुनाव आयोग सभी पोलिंग स्टेशनों की वेबकास्टिंग कराएगा

नई दिल्ली। वोटिंग प्रोसेस की निगरानी बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग अब सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग करेगा। ईसी ने सोमवार को बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव से यह फैसला लागू किया जाएगा। वेबकास्टिंग डेटा आयोग के इंटरनल यूज के लिए होगा। मतलब इसे सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। अभी तक 50 प्रतिशत पोलिंग स्टेशन की ही वेबकास्टिंग की जाती थी। इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले इलाकों में वेबकास्टिंग की जाएगी। जिन इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं है वहां वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी जैसी ऑप्शनल व्यवस्था की जा सकती है। प्रदेश, जिला और विधानसभा सीट स्तर पर वेबकास्टिंग मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

## इजराइल ने ईरान पर फिर एयरस्ट्राइक की

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और ईरान के बीच लगातार 5 दिन से संघर्ष जारी है। इजराइल ने सोमवार शाम सेंट्रल ईरान पर फिर से एयरस्ट्राइक की। इजराइल एयरफोर्स ने ईरानी की राजधानी तेहरान में नेशनल टीवी न्यूज चैनल इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग की बिल्डिंग पर बम गिराए। घटना के समय टीवी एंकर लाइव शो होस्ट कर रही थी। वह बम धमाके में बाल-बाल बच गई। घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें एंकर को स्टूडियो से भागते हुए देखा गया। उसके पीछे की स्क्रीन काली हो गई। स्टूडियो मलबे और धुएं से भर गया। एक शख्स अल्लाहु अकबर कहते सुनाई दिया। इजराइल डिफेंस फोर्स ने एक्स पर ईरान पर हमले का एक और वीडियो जारी किया। कैप्शन में बताया कि आज सुबह से इजराइली एयरफोर्स ने मिसाइल लॉन्चर्स से लदे कई ट्रकों को निशाना बनाया, जो तेहरान की तरफ जा रहे थे।

# जनगणना का गजट नोटिफिकेशन जारी

## पहला फेज अक्टूबर-2026 से चार राज्यों में; बाकी राज्यों में 1 मार्च 2027 से

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने सोमवार (16 जून) को जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। केंद्र सरकार दो फेज में जातीय कराएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक, पहले फेज की शुरुआत 1 अक्टूबर 2026 से होगी। इसमें 4 पहाड़ी राज्य- हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं। 1 मार्च 2027 से दूसरा फेज शुरू होगा। इसमें देश के बाकी राज्यों में जनगणना शुरू होगी। केंद्र ने 30 अप्रैल 2025 को जातीय जनगणना कराने का ऐलान किया था। देश में आजादी के बाद यह पहली जातीय जनगणना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जातीय जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा।

कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली



जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

### 2011 में सामाजिक-आर्थिक गणना हुई, आंकड़े जारी नहीं

मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी।

इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने करवाया था। हालांकि इस सर्वेक्षण के आंकड़े कभी भी सार्वजनिक नहीं किए गए। ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट पर इसके एससी-एसटी हाउसहोल्ड के आंकड़े ही जारी किए गए हैं।

### जनगणना फॉर्म में 29 कॉलम, केवल एससी-एसटी की डिटेल

2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

# पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

## कहा- ऐसे हमले सिर्फ बंदूक-बारूद से नहीं होते, इनके पीछे फाइनेंशियल नेटवर्क

**नई दिल्ली।** आतंकी फंडिंग की निगरानी करने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने सोमवार को कहा कि पहलगाम हमला आतंक फैलाने वालों के समर्थन के बिना नहीं किया जा सकता। इसके लिए फंडिंग भी की गई। एफएटीएफ का यह बयान पहलगाम हमले के 55 दिन बाद आया है। ग्लोबल टेरर वॉच डॉग ने कहा कि आतंकी हमले लोगों को मारते हैं, घायल करते हैं और दुनियाभर में डर फैलाते हैं। एफएटीएफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारतीय अधिकारियों ने



पाकिस्तान के लगातार आतंकवाद को समर्थन देने और मल्टीपल फंड्स को हथियारों की खरीद में इस्तेमाल करने की बात को उजागर किया है। सूत्रों के अनुसार, ऐसी गतिविधियों की वजह से पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डाला जा सकता है। पहलगाम में आतंकी हमला 22 अप्रैल को किया गया था। इसमें एक नेपाली समेत 26 टूरिस्ट की मौत हुई थी। एफएटीएफ कभी कभार ही आतंकवादी कृत्यों की निंदा करता है। पिछले एक दशक में यह तीसरा मौका है जब उसने किसी आतंकी हमले की निंदा की है। इससे पहले 2015 में और फिर 2019 में आतंकवादी हमलों के गंभीर मामलों में निंदा जारी की गई थी। एफएटीएफ की एशिया-पेसिफिक ग्रुप की बैठक 25 अगस्त को होनी है। इसके बाद एफएटीएफ के वर्किंग ग्रुप की बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इन बैठकों से पहले भारत पाकिस्तान के खिलाफ एक डोजियर तैयार कर रहा है।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी (पति से)- उठो जी नाश्ता बनाने जाओ पति उठा और सीधा बाहर जाने लगा पत्नी- कहां जा रहे हो? पति- वकील के पास तुमसे तलाक लेने थोड़ी देर बाद पति वापस घर आया और सब्जी काटने लगा पत्नी- क्या हुआ? पति- कुछ नहीं वकील साहब बर्तन साफ कर रहे थे....



### शायरी

मत सोच कि तेरा सपना क्यों पूरा नहीं होता,
हिम्मत वालों का इरादा कभी अधूरा नहीं होता।

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,796.15
+677.55 (0.84%)
निफ्टी:
24,946.50
+227.90

### मौसम



अधिकतम : 31 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय बुधवार : 5 : 28
सूर्यास्त मंगलवार : 7 : 29

# मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री

## यूपी में बिजली गिरने से 48 घंटे में 34 की मौत, बरेली में हाई-वे डूबा

**नई दिल्ली।** मानसून ने मध्य प्रदेश में एंट्री कर ली है। एक दिन की देरी से बड़वानी, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर के रास्ते मानसून राज्य में पहुंच गया है। पिछली बार यह 21 जून को आया था।

हालांकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री 27-28 मई को हो गई थी, मध्यप्रदेश में 21 दिन बाद मानसून की दस्तक हुई है।

राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र समेत 16 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के 11 जिलों और महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, पालघर



और रायगढ़ में भारी बारिश का ऑरेंज-रेड अलर्ट है।

यूपी में भी बारिश का दौर शुरू हो गया है। आज 62 जिलों में अलर्ट है। राज्य में पिछले 48 घंटे में बिजली गिरने की घटनाओं में 34 लोगों की जान गई है। बरेली में भारी बारिश से हाईवे डूब गया है। केरल में बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए मलप्पुरम, कन्नूर, कासरगोड, वायनाड और त्रिशूर में सोमवार को स्कूल कॉलेज में छुट्टी की गई है। कर्नाटक में भी बारिश का रेड अलर्ट है। उडुपी और दक्षिण कन्नड़ के सभी स्कूलों में छुट्टी है।

# महोबा में कार खाई में गिरी, 5 लोगो की मौत

## बाइक 20 मीटर तक घिसटती हुई गई, दुल्हन विदा करवाने जा रहा था परिवार

**महोबा।** महोबा में कार खाई में गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। ड्राइवर ने सामने से बाइक आती देख जैसे ही स्टेयरिंग घुमाई। गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे खाई में जा गिरी। इस दौरान बाइक कार के साथ 20 मीटर तक सड़क पर घिसटते हुए गई। कार में कुल 6 लोग सवार थे, जबकि बाइक पर तीन लोग बैठे हुए थे।

घटना श्रीनगर थाना क्षेत्र के ननौरा गांव के पास की है। टक्कर होते ही स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। सभी मृतकों को पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल




भिजवाया। साथ ही घायलों को इलाज के लिए नजदीकी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है।

### ईको कार और बाइक के परखच्चे उड़े

चरखारी के बगरौन गांव निवासी उदयभान छोटे भाई कुश कुमार की पत्नी को विदा कराने के लिए निकले। उन्होंने किराए पर मारुति की ईको गाड़ी की थी, जिससे परिवार सहित ननौरा जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार वैन के सामने अचानक एक बाइक वाला आ गया। उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने एकदम से स्टेयरिंग काटी। बाइक से टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक और वैन दोनों के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में कुश कुमार की बुआ के लड़के विनोद (27) वैन चालक बजरिया निवासी रामपाल (32) की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार भरतलाल (35), अजय (18) और संजीव कुशवाहा (18) की भी मौत हो गई। ये तीनों आपस में चचेरे भाई थे। जो ये अपने एक रिश्तेदार के रुपए देने बाइक से जा रहे थे।

कुश कुमार का भाई उदयभान (32) कुशवाहा, उसकी पुत्री खुशी (4), भतीजा ऋषि (11) और भांजा अंकित (10) घायल हैं, जो चरखारी के बगरौन गांव के निवासी हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# कोरोना से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा मौतें

### जबलपुर में डिलीवरी के बाद महिला की जान गई; देशभर में 7264 एक्टिव केस

**नई दिल्ली/ मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम।** देश में कोरोना वायरस से लगातार दूसरे दिन 10 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, रविवार को 11 मरीजों ने जान गंवाई। केरल में 7 और दिल्ली, छत्तीसगढ़, एमपी, महाराष्ट्र में 1-1 मौत हुई है। शनिवार को 10 मौतें हुई थीं। कोविड के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में 7264 एक्टिव मरीज हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1920 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1433 और



पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। बीते 24 घंटे में कोई नया केस नहीं मिला है, जबकि 119 मरीज रिकवर हुए हैं। मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को बच्चे को जन्म देने के एक दिन बाद महिला (27 साल) की कोविड से मौत हो गई। कोरोना के नए वैरिएंट से जनवरी 2025 से अब तक 108 मौतें हुई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा- हमने कोरोना से निपटने के लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं।

धमाका

### एक महिला पहले दिन नौकरी पर गई थी, शव को पहचानना मुश्किल, 9 झुलसे

# अमरोहा की पटाखा फैक्ट्री में धमाका...4 महिलाओं के चीथड़े उड़े

एजेंसी

**अमरोहा।** अमरोहा में एक पटाखा फैक्ट्री में सोमवार दोपहर 12.30 बजे भीषण ब्लास्ट हो गया। हादसे में फैक्ट्री में काम कर रहीं 4 महिलाओं की मौत हो गई है। मृतकों में एक महिला की नौकरी का आज पहला दिन था।

हादसे में 9 घायल हुए। इनमें 4 की हालत नाजुक है, उन्हें मेरठ रेफर कर दिया गया है। 5 घायलों का अमरोहा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक वीडियो सामने आया है, जिसमें घायल लड़कियां पगडंडी पर बैठीं तड़पते नजर आईं। उनके चेहरे



सर्वेश मृतक | शहनाज मृतक | रुकसाना मृतक | रूमा मृतक

और शरीर झुलसे थे।

धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री की इमारत और टीनशेड पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गए। महिलाओं के शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान करना मुश्किल था। धमाके के बाद शव इधर-उधर बिखर गए। शवों का इकट्ठा करके फैक्ट्री के बाहर टीन पर रख दिया और उसे गत्ते से ढक दिया।

### अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल में फैक्ट्री

पटाखा फैक्ट्री अतरासी गांव से 2 किमी दूर जंगल के बीच में थी। फैक्ट्री में सुबह करीब 25 महिला और पुरुष काम कर रहे थे। इसी दौरान किसी मजदूर के बच्चे ने फुलझड़ी जला दी। इसके बाद पास में रखे पटाखे और बारूद में आग लग गई। धमाके इतनी तेजी से हुए कि अंदर काम कर रहे लोगों को बाहर निकलने तक का वक्त नहीं मिला। करीब 15 मिनट तक ब्लास्ट होते रहे। धमाके के बाद फैक्ट्री का मलबा 300 मीटर दूर तक फैल गया। धमाके की आवाज और धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचीं। डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित कुमार आनंद मौके पर पहुंचे।

## संपादकीय

# सत्ता हार गई, जातीय जनगणना जीत गई : अब गिनती नहीं, बराबरी होगी

### जातीय जनगणना : राहुल, अखिलेश और तेजस्वी की वैचारिक विजय, मोदी सरकार की रणनीतिक पराजय



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

'कभी-कभी सत्ता को झुकना पड़ता है, जब ज़मीन की आवाज़ संसद की दीवारों को हिला देती है।'

16 जून 2025 को जब केंद्र सरकार ने जातीय जनगणना का गजट नोटिफिकेशन जारी किया, तो यह मात्र एक प्रशासनिक दस्तावेज़ नहीं था —
यह दशकों से सत्ता के गलियारों में टालते आए एक सवाल की जनता के दबाव में हुई स्वीकृति थी।
यह उस वैचारिक लड़ाई की जीत थी जिसे
राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव
ने नारे से नीति तक पहुँचाया।

### राहुल गांधी : 'गिनती से डर किसे लगता है?'

भारत जोड़ो यात्रा से लेकर संसदीय संघर्ष तक,
राहुल गांधी ने बार-बार यह सवाल उठाया —
'जब जाति से अवसर मिलते हैं,
तो सरकार जाति की गिनती से क्यों डरती है?'

उनका यह सवाल अब जवाब बन चुका है,
और वह जवाब अब सरकारी नीति बन चुका है।

### अखिलेश यादव : उत्तर भारत में सामाजिक न्याय का व्याकरण

उत्तर प्रदेश की राजनीति में अखिलेश यादव ने जातिगत विमर्श को सांकेतिक राजनीति से निकालकर संख्यात्मक हिस्सेदारी की राजनीति में बदल दिया।

उन्होंने कहा —
'जातीय आंकड़े जानना सरकार की ज़िम्मेदारी है।
यह विपक्ष की कृपा नहीं मांगता, बल्कि संविधान की माँग है।'

### तेजस्वी यादव : ज़मीन से उठी आवाज़, जो संसद तक गूँजी

जब बिहार में जातीय सर्वेक्षण की शुरुआत हुई, तो तेजस्वी यादव ने इसे केवल एक राज्यीय प्रयोग नहीं रहने दिया —
बल्कि इसे देशव्यापी सामाजिक न्याय आंदोलन में बदल दिया।
उन्होंने स्पष्ट कहा —
गिनती होगी, बराबरी के लिए होगी,
और अब आरक्षण भी डेटा से तय होगा।

### मोदी सरकार : जन दबाव के सामने झुकी सत्ता

2024 में भले ही भाजपा केंद्र में लौटी हो, पर ओबीसी वर्गों ने यह संकेत दे दिया था कि सिर्फ चेहरे बदलने से नीतियाँ नहीं बदलेंगी।

जातीय जनगणना को लेकर सरकार की असहजता अब विवशता में बदल गई, क्योंकि जनता अब आंकड़े नहीं, अधिकार मांग रही है।

### जनसंघर्ष के सिपाही : गली-कस्बों से उठी चेतना

यह सिर्फ नेताओं की जीत नहीं —
यह उन हजारों युवाओं की भी जीत है
जो बिना किसी साधन, संसाधन और समर्थन के
जातीय गिनती को ज़मीनी जनांदोलन बनाते रहे।

### इन नामों का ज़िक्र इतिहास में दर्ज होना चाहिए

**अनिरुद्ध विद्रोही (उत्तर प्रदेश) -**
गाँव-गाँव, गली-गली पैदल चलकर इस आंदोलन को चेतना में बदला। न कोई मंच, न कोई साधन — सिर्फ संकल्प।

**राजन राज (बिहार) -**
साइकिल यात्रा से लेकर सोशल मीडिया तक 'जाति गिनो, अधिकार दो' को युवाओं की आवाज़ बनाया।

**श्रवण कुमार निषाद (पूर्वांचल) -**
नाविक समुदाय और मछुआरों को जोड़ते हुए ओबीसी हिस्सेदारी की लड़ाई को सुदूर गाँवों तक पहुँचाया।

**संध्या कौशल्या (छत्तीसगढ़) -**
आदिवासी और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को जातीय गिनती से जोड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया।

**किशोर कुमार माली (राजस्थान) -**
डिजिटल मंचों पर आंकड़ों और संविधान की भाषा में इस आंदोलन को तकनीकी ताक़त दी।

**अनमोल मौर्य (दिल्ली/पूर्वांचल) -**
डीयू, जेएनयू और बीएचयू जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति के माध्यम से यह विषय मुख्यधारा में लाया।

**नवल पासवान (झारखंड) -**
दलित-आदिवासी-ओबीसी एकता मंच बनाकर झारखंड में पदयात्राएँ और सभाएँ कीं।
मंडल आर्मी, संविधान चेतना अभियान जैसे संगठन - इन्होने सीमित संसाधनों में राष्ट्रव्यापी जन-जागरण खड़ा किया।

### अब गिनती नहीं, हिस्सेदारी की राजनीति शुरू होनी चाहिए

जातीय जनगणना अब एक सवाल नहीं —
बल्कि भारत की नई सामाजिक-आर्थिक रीढ़ बनने जा रही है।
अब बहस यह नहीं कि किसकी संख्या कितनी है —
बल्कि यह कि उसके हिस्से में सत्ता, संसाधन और सम्मान कितना है?

### निष्कर्ष : यह कृपा नहीं, यह जनता की जीत है

यह राहुल गांधी की वैचारिक स्पष्टता की जीत है,
अखिलेश यादव की रणनीतिक दूरदृष्टि की जीत है,
तेजस्वी यादव की जनप्रतिनिधि प्रतिबद्धता की जीत है,
और हजारों अनाम-अज्ञात युवाओं के संघर्ष की परिणति है।

**यह सत्ता की कृपा नहीं —**
**बल्कि दबे-कुचले भारत की गूंजती हुई पुकार की विजय है।**

**'अब भारत गिनने की नहीं,**
**हिस्सेदारी तय करने की दिशा में बढ़ चला है।**

# ईरान-इजरायल युद्ध से दुनिया के सामने नई चुनौती

ललित गर्ग



इजरायल ने ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम ठिकानों' पर अचानक हमला करके न सिर्फ दुनिया को चौंका दिया है बल्कि पश्चिमी एशिया के पूरे क्षेत्र को अनिश्चितता, भय, अशांति एवं संकट के भंवर में डाल दिया है। ईरान जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायल को करारा जवाब दे रहा है। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। लेकिन इन दो राष्ट्रों के संघर्ष एवं युद्ध में समूची दुनिया पीस रही है। एक और युद्ध से दुनिया में विकास का रथ थमेगा, महंगाई बढ़ेगी, तेल के दाम आसमान छूने लगेंगे, व्यापक जनहानि होगी। युद्ध कभी भी किसी के हित में नहीं होता, आखिर समझौते के लिये टेबल पर बैठना ही होता है, तो पहले ही टेबल पर क्यों न बैठा जाये? विनाश एवं सर्वनाथ करने के बाद युद्ध विराम करना कैसे बुद्धिमत्ता है?

इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है, जो बताता है कि यह अपने आप में महज एक कार्रवाई नहीं बल्कि नया सिलसिला हो सकता है। हमलों का व्यापक एवं विनाशकारी रूप भी इसकी गंभीरता को स्पष्ट कर देता है। कम से कम छह राउंड में किए गए हवाई हमलों के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम ठिकानों को निशाना बनाया गया। यही नहीं, ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के चीफ हुसैन सलामी के भी मारे जाने की खबर है। ईरान ने तो जवाबी कार्रवाई का इरादा जता ही दिया है, खुद इजरायल सरकार ने भी अपने नागरिकों से अगले कुछ दिन घरों के अंदर रहने और खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर लेने को कहा है। इजरायली कार्रवाई के वैश्विक दुष्प्रभावों का संकेत इसी एक तथ्य से मिल जाता है कि पहले हमले के कुछ घंटों के अंदर अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें 13 प्रतिशत बढ़ गईं। दुनिया के शैयर बाजार धराशायी हो गये हैं। इसमें दो राय नहीं कि इजरायल लंबे समय से कहता रहा है कि ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से हर हाल में रोका जाए और जरूरी हो तो उसके लिए बल प्रयोग से भी हिचका न जाए। उसका कहना है कि ईरान इस स्थिति में आ गया था कि कुछ दिनों के अंदर 15 परमाणु बम बना सकता था। एक भयानक संशय का वातावरण बना हुआ है। पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमाम, कुछ समय भारत-पाक और अब इजरायल-ईरान के बीच युद्ध की स्थितियां बनना विश्व युद्ध की संकटपूर्ण स्थितियों को बल दे रही है। संशय से भरा हुआ आदमी प्रेम एवं मानवीयता से खाली होता है। पारस्परिक स्नेह, सद्भाव, सौहार्द और विश्वास के अभाव में उसका संदेहशील मन सदैव युद्ध, हिंसा, सुरक्षा के साधन जुटाने में संलग्न रहता है। उसका मन कभी निर्भय नहीं होता, वृत्तियां शान्त नहीं होतीं, संग्रह उसके सुख, संतोष और शांति को सुरसा बन लील जाता है।

जिसने परमाणु-शस्त्रों के निर्माण और फैलाव से विश्व को तनाव और संत्रास का वातावरण दिया, अनिश्चय और असमंजस की विकट स्थिति दी, उसने विश्व शांति के धरातल छिन लिया है। इन विनाशकारी स्थितियों में मानवीय सहृदयता, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को कैसे अक्षुण्ण रखा जा सकता है? अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव कर तीसरी दुनिया को विकास के समुचित अवसर और साधन देने की संभावनाएं कैसे बलशाली बन सकती है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देना वर्तमान की बड़ी जरूरत है। क्योंकि वर्तमान युद्ध की जटिल से जटिलतर होती परिस्थितियों को देखें तो यह पश्चिम एशिया से लेकर दक्षिण एशिया और समग्र वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत खतरनाक समय है। यदि अन्य देश भी इस संघर्ष में खेमेबाजी का शिकार होकर जुड़ते गए तो यह खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। अच्छी बात यही है कि अभी तक तो ऐसा कुछ नहीं हुआ है। भारत के लिए बेहतर यही होगा कि शांति एवं कूटनीतिक विकल्पों की वकालत करता रहे, लेकिन उसे खुद भी किसी भी प्रकार की स्थितियों के लिए तैयार रहना होगा।

दुनिया में पहले से ही काफी उथल पुथल मची हुई है। अरब देश संघर्ष लंबा खिंचने पर क्या रूख अख्तियार करते हैं। मुस्लिम देशों की जनता में यह सोच पहले से है कि यहूदी सरकार मुस्लिमों पर अत्याचार कर रही है। ऐसे में उनके लिए भी अपनी जनता की भावनाओं को नियंत्रित करना आसान नहीं होगा। वहीं इजरायल के सामने भी एक बड़ी चुनौती है कि अगर उसने संघर्ष शुरू किया है तो वह ईरान के खतरे को हमेशा के लिए खत्म करे। ऐसे में इजरायल का सैन्य अभियान लंबा चल सकता है। वह लक्ष्य हासिल होने तक युद्ध को जारी रख सकता है। इसके लिए ईरान की सत्ता में बदलाव या राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना होगा। यहां अमेरिका का समर्थन अहम होगा। बेहतर होगा दुनिया को भारी नुकसान से बचाने के लिये पूतिन एवं ट्रंप युद्ध की आग बुझाने की कोशिश करें। उनका आपस का दोस्ताना संवाद फिलहाल दुनिया के लिये अकेली उम्मीद की किरण है, हालांकि यूरोपीय संघ को और विशेषत: चीन कुछ हद तक यह अच्छा नहीं लगेगा। लेकिन युद्ध के अंधेरों एवं शांति के उजालों के लिये यही एक रास्ता है।

ईरान पर इजरायल के हमले ने पहले से युद्धरत एवं अस्थिर दुनिया को अधिक वैश्विक संघर्ष की ओर ढकेल दिया है। ईरान भी अपनी पूरी क्षमता के साथ इजरायल पर मिसाइलों से हमला कर रहा है। उधर, इजरायल इस बात पर अड़ा है कि जब तक वह ईरान की परमाणु बम बनाने की क्षमता और मिसाइलों के जखीरे को खत्म नहीं कर देता है तब तक हमले जारी रहेंगे। अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो सिर्फ दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। आगे चलकर इसमें अमेरिका, चीन और रूस जैसी बड़ी शक्तियां शामिल हो सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनिया पहले ही दो खेमों में बंटी दिख रही है। ईरान ऐसी जगह पर हैं, जहां से वह बहुत सीमित संसाधनों के साथ समुद्र से होने वाले वैश्विक व्यापार को बाधित कर सकता है। इससे ग्लोबल सप्लाई चेन चरमरा सकती है, विश्व व्यापार ठप्प हो सकता है और विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है।


इजरायल ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा मानता है। खासकर उसे लगता है कि अगर ईरान ने परमाणु बम बना लिया तो उसके लिए बहुत बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। यह खतरा इजरायल के साथ अन्य देशों के लिये भी होगा। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह रहे हैं कि हम ईरान को परमाणु बम नहीं बनाने देंगे। जो आपरेशन शुरु किया है, उसे लक्ष्य हासिल होने तक जारी रखेंगे। ईरान का परमाणु शक्ति बनना एक बड़ा खतरा है, इस बड़े खतरे को समाप्त करना ही ऑपरेशन राइजिंग लायन का लक्ष्य है। इसी समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आना भी इजरायल के बेहतर मौका लेकर आया और यहां अमेरिका का समर्थन अहम हो गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इजरायल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इजरायल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

इजरायल और ईरान के बीच सैन्य तनाव बढ़ने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो इसके जटिल परिणाम सामने आते हैं और सभी जीवन-निर्वाह की चीजों के दाम बढ़ जाते हैं। जिससे भारतीय रूपया कमजोर होने, मुद्रास्फीति बढ़ने और देश की वित्तीय स्थिति पर दबाव पड़ने का खतरा भी है।

भारत अपनी जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल आयात करता है, ऐसी घटनाओं का महंगाई से लेकर व्यापार संतुलन, रोजगार से लेकर जीवन-निर्वाह तक के महत्वपूर्ण संकेतकों पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष भारत के हितों को चोट पहुंचाने वाला है। आर्थिक हित के साथ दोनों देशों के साथ भारत के सामरिक तथा रणनीतिक हित भी जुड़े हुए हैं। भारत को संतुलित रवैया अपनाना होगा, क्योंकि ईरान हमारा पुराना मित्र है, जो कश्मीर मुद्दे को लेकर इस्लामिक देशों के संगठन तक भारत का साथ देता रहा है। इजरायल हमारा महत्वपूर्ण सामरिक एवं नवाचार साझेदार है। किसी के भी पक्ष में झुकाव दुविधा को ओर बढ़ायेगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3563




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3562 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।

□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3563



**बायें से दायें:-**

१. ऋषिकपूर, मनीषा की 'दिल की कही ना जाए' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली रितिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
६. कृतिका, सोनू की 'सुबह सुबह जब खिड़की' गीत वाली फिल्म-२
७. 'तेरी गलियों में ना' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
९. फिल्म 'चोरी चोरी' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'रणभूमि' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१२. ऋषिकपूर, डिम्पल की 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'पिया तू अब तो आजा' गीत वाली फिल्म 'कारवाँ' का नायक-३
१४. प्रशांत, ऐश्वर्या की 'कोलंबस कोलंबस' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली मनोज वाजपेयी, तब्बू की फिल्म-२
१६. जैकी, जूही, अमृता की 'गोरिया रे गोरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दम भर जो उधर मुँह फेरे' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
२०. धर्मेन्द्र, हेमा की 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
२१. 'यादें' में रितिक की नायिका -३
२३. अमिताभ, मौसमी की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मेरी जाँ प्यार करो' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी, रंजीता की फिल्म-२
२८. शत्रुघ्न, मिथुन, हेमा, अनिल राज की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देवआनंद, माला की फिल्म-२
३०. 'अगर जिंदगी हो तेरे संग हो' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'चंदा ने दी चाँदनी' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हँसदे हँसदे' गीत वाली कमल हासन, रवीना, मनीषा की फिल्म-३
२. अमिताभ, शाहरूख, उदय चोपड़ा, ऐश्वर्या, किम शर्मा, प्रीति की फिल्म-४
३. 'आजा आजा गिव मी ए' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
५. 'दिल क्यों धड़कता है' गीतवाली फिल्म-३
६. 'सुनिये तो रूकिये तो' गीत वाली शाहरूख, जूही चावला की फिल्म-२,२
८. फिल्म 'सवेरे वाली गाड़ी' में नायक-२
११. मिथुन, आदित्य, रेखा की 'मेरा नाम बिल्लू' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'अभी साँस लेने की' गीत वाली सलमान, सनी, करिश्मा की फिल्म-२
१५. सनी, मीनाक्षी, ममता की 'कोई जाए तो ले' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'मेरे सपनों की रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१७. मिथुन, अतुल, पूजाभट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'जीवन के सफर में राही' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-४
१९. 'कभी हाँ कभी ना' में सुचित्रा कृष्णामूर्ति के चरित्र का नाम-२
२२. 'सनम तेरी कसम' में नायिका कौन-२
२३. सनी, अमृता की 'तेरी तसवीर मिल गई' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'प्यार कोई खेल नहीं' की नायिका-३
२५. 'रूके रूके से' गीत वाली फिल्म जिसमें संजीव, शर्मिला थे-३
२६. फिल्म 'संन्यासी' में नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3562



## सूडोकु -3563

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3562 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 3563



**बाएँ से दाएँ**

1. मूर्ख,बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश,खानदान-2
6. आह,पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी,इच्छा,चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास,नौकर,सेवक-5
14. अग्नि,आग-3
16. चयनित,स्वीकृत-4
17. जाति,संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत,व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश,अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान,माइन-2
32. आश्रय,पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में,अधर में-2,2
3. आफत,आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति,चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति,प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम ,आसक्ति-3
13. नीर,जल-2
15. भाग्य,तकदीर-3
17. जंबुल,जांब-3
18. टेंशन,परेशानी-3
20. काया,बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी,रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा,चोंचला-3
27. पूड़ी,गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक,गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली -3562 का हल



# बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति की बैठक एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## बाल श्रम एवं किशोर श्रम अधिनियम 2016 के प्रावधानों के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी



**गौतम बुद्ध नगर।** जनपद में बाल श्रम पर अंकुश लगाते हुए बाल श्रमिकों को शिक्षा से जोड़ने हेतु जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति गौतमबुद्धनगर की बैठक एवं संगोष्ठी सम्पन्न हुई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक निदेशक कारखाना, सहायक श्रमायुक्त, प्रभारी निरीक्षक ए0एच0टी0यू0. अध्यक्ष, बाल श्रम कल्याण समिति, वाईल्ड लाईव, ई0एस0आई0सी0 एवं श्रमिक प्रतिनिधि गगेश्वर दत्त शर्मा, सीटू जिला महामंत्री पिंकी, राकेश बंसल, चेयरमेन आई0आई0एस0, अमित उपाध्याय अध्यक्ष आई0बी0ए, अंजू शर्मा एवं श्रम विभाग के श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में अपर श्रमायुक्त गौतमबुद्धनगर द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर एवं उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों पुलिस विभाग, एन0जी0ओ0, सेवायोजक संगठन एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून 2025 के अवसर पर 12 जून से 17 जून के मध्य विशेष जन-जागरण सप्ताह शासन/प्रशासन द्वारा बनाये जाने के उपलक्ष में बाल श्रम एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 2016 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया कि यह अधिनियम यथा संशोधित एवं राजाज्ञा सं0एस0ओ0 2830 (ई0) दिनांक 01.09.2016 द्वारा दिनांक 01.09.2016 से लागू है।

अपर श्रमायुक्त सरजू राम द्वारा बताया गया कि धारा-3 वं 3ए के अन्तर्गत 14 वर्ष एवं 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे किशोर श्रमिकों को पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित किया गया है। यह भी बताया गया कि गैर खतरनाक प्रतिष्ठानों में कुछ विनियामक उपायों के साथ किशोर श्रमिकों का नियोजन हो सकता है, जिसमें उनसे लगातार 03 घंटों से ज्यादा कार्य नहीं लिया सकता है और किशोर श्रमिकों से ओवर टाईम का कार्य भी नहीं लिया जा सकता। सप्ताह में इन्हें 01 दिन अवकाश देना अनिवार्य है।

किशोर श्रमिक नियोजित करने वाले सेवायोजकों को नियोजन के 30 दिन के भीतर क्षेत्रीय श्रम प्रवर्तन अधिकारी/निरीक्षक को सूचना देना आवश्यक है। सेवायोजक किशोर श्रमिकों के नियोजन के सम्बन्ध में रजिस्टर भी तैयार करेगा, जिनमें उनकी जन्म तिथि, कार्य के घंटे, आराम का अन्तराल एवं कार्य की प्रकृति आदि का विवरण होगा।

# उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा क्रान्ति की ओर अग्रसर

**लखनऊ।** आज विश्व के हर क्षेत्र में विकास करने के लिये विद्युत जरूरी है। बिना विद्युत के कोई भी यन्त्र, उपकरण, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यातायात वाहन, घरेलू प्रकाश आदि नही चल पाते हैं। विद्युत उत्पादन, विद्युत शक्ति, जल से. कोयले आदि की उष्मा से, नाभिकीय अभिक्रियाओं से, पवन शक्ति से पेट्रोलियम / प्राकृतिक गैस आदि से होती है। किन्तु यह संसाधन धीरे-धीरे खत्म हो रहे है। इसलिये मानव को विद्युत आवश्यकताओं के लिये सौर ऊर्जा व अन्य विद्युत उत्पादन संसाधनों पर निर्भर होना पड़ेगा। विश्व भौगोलिक क्षेत्र में सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा श्रोत है। सूर्य की ऊर्जा के कारण ही मौसम एवं जलवायु का परिवर्तन होता है।

धरती पर सभी प्रकार के जीवन, जीव-जन्तु, पेड-पौधे आदि को सूर्य की ऊर्जा का ही सहारा है। इसी सूर्य की ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलने को ही मुख्य रूप से सौर ऊर्जा कहा जाता है। सौर ऊर्जा वास्तव में अक्षय ऊर्जा श्रोत है, जिसका उपयोग छोटे स्तर से लेकर बडे स्तर तक किया जा सकता है। सूर्य की उष्मा से प्राप्त सौर ऊर्जा उत्पादन में कोई प्रदूषण नहीं होता है। इससे संचालित उपकरणों का जीवन लम्बा होता है और रख-रखाव की कम आवश्यकता होती है। सौर ऊर्जा आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्त्व में उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में हो गया है।

प्रदेश में 3840 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता के 09 सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही, इसमें से 528 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। सौर ऊर्जा की प्राकृतिक संभावना वाले सर्वश्रेष्ठ चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश के पश्चात उत्तर प्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है, जहां पर सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में बृहद स्तर पर कार्य किया जा रहा, प्रदेश के बुंदेलखंड और अन्य क्षेत्रों में सोलर पार्कों की स्थापना की जा रही है।

# नोएडा में बढ़ती अश्लीलता के खिलाफ किसान सड़कों पर

## गृहमंत्री के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा के सेक्टर 19 स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर भारतीय किसान संगठन ने समाज में बढ़ती अश्लीलता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने गृह मंत्री अमित शाह के नाम सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सड़कों और पार्कों में अश्लील वीडियो बनाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। किसान नेताओं का कहना है कि इस तरह के वीडियो और फोटो का बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने ऐसे वीडियो बनाने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## पेंट के गोदाम में लगी आग

ग्रेटर नोएडा। कोतवाली क्षेत्र बादलपुर के गांव आमका स्थित पेंट के गोदाम में आग लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल के वाहनों ने आग पर काबू पाया। गोदाम बंद होने के कारण किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। बता दे कि कोतवाली बादलपुर क्षेत्र के गांव आमका रोड पर स्थित पेंट के गोदाम में आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैलने लगी। इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग को आसपास की गोदामों में फैलने से बचाने को जुट गए। दूसरी टीम पेंट के गोदाम में लगी आग को बुझाने लगी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया गया। कोतवाली प्रभारी बादलपुर अमित भड़ाना ने बताया कि आग को काबू करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

# नोएडा में एक्सपायरी डेट की शराब बेचने वाला गिरफ्तार

## पुराने स्टॉक पर नए स्टीकर लगाकर बेच रहा था, 435 बोतल विदेशी और 1911 पेटी बीयर जब्त



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया। सेक्टर-3 स्थित एक आवासीय गोदाम में छापेमारी की गई। यहां से एक अंतरराज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी की पहचान अयोध्या निवासी सचिन कुमार जायसवाल के रूप में हुई है। छापेमारी में 435 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

साथ ही 1911 पेटी बीयर भी मिली। इनमें कुल 45,855 बोतल और कैन शामिल हैं। इसके अलावा 56 फर्जी स्टीकर भी बरामद हुए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 2024-25 की बची हुई शराब और बीयर को अन्य दुकानों से सस्ते दामों में खरीदता था। फिर इन पर 2025-26 के फर्जी स्टीकर लगाकर बाजार में बेचता था। इस तरह वह भारी मुनाफा कमा रहा था। बरामद की गई शराब की कीमत बाजार में लाखों रुपये आंकी गई है।

# नोएडा में शेयर बाजार के नाम पर ठगी

## आईपीओ में निवेश का झांसा देकर कारोबारी से 35 लाख रुपये लिए, साढ़े 3 लाख फ्रीज



**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा के सेक्टर-49 में रहने वाले एक कारोबारी के साथ साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी की है। कारोबारी प्रशांत चौबे को ठगों ने वाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप एडमिन ने आईपीओ में निवेश पर 100 प्रतिशथ लाभ का लालच दिया।

शुरुआत में कारोबारी ने कम रकम निवेश की और उन्हें मुनाफा भी मिला। इससे विश्वास जीतकर ठगों ने एक ऐप डाउनलोड करवाया। ऐप पर निवेश की गई रकम बढ़ती हुई दिखाई गई। प्रशांत ने कई किश्तों में कुल 35 लाख 25 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

जब कारोबारी ने पैसे निकालने की कोशिश की, तो ठगों ने और निवेश करने का दबाव बनाया। मना करने पर उन्हें ग्रुप से निकाल दिया गया। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने लगभग साढ़े तीन लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। बाकी रकम को भी फ्रीज करने का प्रयास जारी है। जांच में पता चला है कि ठगी की रकम देश के विभिन्न राज्यों के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है।

जानकारी करने पर पता चला कि कारोबारी को जो ऐप डाउनलोड कराया गया था, उसमें रकम आभासी तरीके से बढ़ती हुई दिख रही थी। वास्तविकता से उसका कोई लेना देना नहीं था। शिकायतकर्ता का यह भी कहना है कि ठगों ने उसे निवेश संबंधी प्रशिक्षण भी कई दिनों तक दिया। ग्रुप में एक व्यक्ति निवेश संबंधी विशेषज्ञ था। ठगों ने जिस कंपनी में निवेश कराया उसे सेबी से रजिस्टर्ड होना भी बताया। ठगी की रकम वाले बैंक खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। किराये के खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर होने की आशंका जताई जा रही है।

## ग्रेटर नोएडा में 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पिता को न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अस्तौली गांव के शिवकुमार ने अपने बेटे पर हमला करने के आरोप में 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। घटना 23 मार्च की है। शिवकुमार के बेटे मनीष को दनकौर रेलवे स्टेशन जाते समय पड़ोसी अनिल, सुनील, प्रदीप, अंकित, अंकुर, सतपाल, धनराज और धर्मवीर ने रोका। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडे और फावड़े से हमला कर दिया। हमले में मनीष को गंभीर चोटें आईं। उसका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में 5 दिन तक इलाज चला। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# गर्लफ्रेंड को गोद में बैठाकर एक्सप्रेस-वे पर बाइक दौड़ाई


**नोएडा पुलिस ने 53 हजार का चालान काटा, लोग बोले- इतने में तो थाइलैंड घूम आते**

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार कपल का एक वीडियो सामने आया है। इसमें कपल चलती बाइक पर रोमांस करता हुआ दिख रहा है। युवक बाइक चला रहा है, और उसकी गर्लफ्रेंड बाइक पर सामने की तरफ से उसे गले लगाए बैठी है।

एक्सप्रेस वे से गुजरने वाले लोगों ने इस सीन का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया। इसके बाद बाइक की पहचान कर 53,500 रुपए का चालान काटा है। इस कपल की करतूत का वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में युवक बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहा है। बाइक में युवक के आगे, सामने की तरह से उसकी गर्लफ्रेंड बैठी थी। जो युवक को कसकर गले लगाए हुए है। गर्लफ्रेंड अपने पैर बाइक के पीछे सीट पर रखे हुए है। वह दोनों हाथों से युवक को पकड़कर बैठी है।

रोमांसबाजी के इस सीन को एक्सप्रेस वे से गुजरने वाली हर गाड़ी में बैठा शख्स देख रहा था। तभी पीछे से कार में आ रहे लोगों ने इन्हें देखते ही इनका वीडियो बनाया।

# नोएडा में बिजली की मांग 2600 मेगावाट तक पहुंची




**नोएडा।** भीषण गर्मी ने नोएडा में बिजली विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शहर में बिजली की मांग इस बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जो अधिकतम 2600 मेगावाट तक दर्ज की गई। यह अब तक की सबसे अधिक मांग है। बढ़ती मांग के कारण कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या ने उपभोक्ताओं को परेशान किया है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार, गर्मी के कारण एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग बढ़ने से बिजली की खपत में इजाफा हुआ है। अत्यधिक लोड के चलते कई इलाकों में अनियोजित कटौती हो रही है। इससे निवासियों को गर्मी में और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा।विशेष रूप से सेक्टर 62, 137, 142,143,145,146 आदि क्षेत्रों में बिजली कटौती की शिकायतें अधिक रही हैं। हालांकि, सोमवार को मौसम में बदलाव के कारण तापमान में कमी आई है, जिससे बिजली की मांग में कुछ राहत मिली है। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से ऊर्जा संरक्षण की अपील की है। कहा है कि वह आपूर्ति को स्थिर करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग कर रहा है। अधीक्षण अभियंता विवेक पटेल का कहना है कि विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता में बढ़ोतरी और लाइनों को दुरूस्त करने का काम लगातार चल रहा है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन से कुचलकर युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बस के इंतजार में खड़े युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने आरोपी वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है। मूलरूप से मथुरा के लोहवन गांव के रहने वाले इंद्रजीत ने पुलिस से शिकायत की कि उनका बेटा मनीष 10 जून को किसी काम से जेवर आया था। इसके बाद वह वापस घर आने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे बस के इंतजार में खड़ा था। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने मनीष को टक्कर मार दी। हादसे में घायल मनीष को एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया।जहां उपचार के दौरान मनीष की मौत हो गई। इंद्रजीत ने इस मामले में जेवर कोतवाली में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में अवैध रूप से पीजी चलाने वाला बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**नोएडा।** सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शहर में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया। वह शहर में अवैध तरीके से पीजी संचालित कर रहा था। आरोपी से फर्जी तरीके से बनवाए गए आधार कार्ड और पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। सेक्टर-126 थाने के उपनिरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ रविवार को सेक्टर-127 में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। रात करीब सवा दो बजे मुखबिर ने बताया कि बख्तावरपुर गांव के सामने विद्युत ट्रांसफर के पास एक व्यक्ति खड़ा है, जो बाहरी भाषा बोल रहा है।वह कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। इसके बाद पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंच गई। जैसे ही पुलिसकर्मी बिजली ट्रांसफॉर्मर के पास खड़े व्यक्ति की तरफ बढ़े, वह भागने लगा। करीब सौ मीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया।

कड़ाई से पूछताछ करने पर संदिग्ध व्यक्ति आसिफ शेख ने बताया कि वह बांग्लादेश के नोआखली जिले के श्रीपोद्दी गांव का रहने वाला है और वर्तमान में सेक्टर-127 के बख्तावरपुर गांव में पीजी चलाता है। आसिफ की तलाशी लेने पर उसके पास से दो मोबाइल, दो आधार कार्ड, एक पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, जन्म प्रमाणपत्र समेत अन्य दस्तावेज मिले। आसिफ के पास से बरामद एक आधार कार्ड गाजियाबाद के इंदिरापुरम के पते पर बना था। एक अन्य आधार कार्ड महाराष्ट्र के पुणे के पते पर निकला। यही नहीं, आरोपी के पास से जो पासपोर्ट मिला, उसमें पता पश्चिमी बंगाल का है। इसे पुणे से जारी किया गया था। आरोपी के पास से बरामद जन्म प्रमाणपत्र की छायाप्रति के बारे में जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि यह उसकी बहन आसमां का है।

इसे बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी किया गया है। विशेष ऐप के माध्यम से प्रमाणपत्र पर लिखी भाषा का जब हिन्दी में ट्रांसलेट किया गया तो पता चला कि इसे पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार कार्यालय नबीपुर से जारी किया गया है। बहन को भी भारत लाने की फिराक में था पुलिस टीम ने जब आरोपी से भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि वह बांग्लादेशी है।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा की कंपनी मे लगी आग

**नोएडा।** सेक्टर तीन स्थित एक कंपनी में सोमवार दोपहर आग लग गई। कंपनी में काम करने वाले लोग आनन-फानन में बाहर निकले। सूचना पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। घटना पर सीएफओ गौतमबुद्धनगरप्रदीप कुमार ने बताया कि दोपहर 02ः54 बजे को थाना फेस-1 नोएडा क्षेत्र के अंतर्गत बी-3 सेक्टर-3 नोएडा में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर सर्विस यूनिट मय हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के घटनास्थल पर रवाना हुई। आग सीटीए अपैरल्स कंपनी के ऊपरी तल पर बने वॉशिंग एरिया में लगी थी। जिसे फायर सर्विस यूनिट द्वारा कंपनी में लगे अग्निशमन उपकरणों व अपने फायर टेंडर की मदद से पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। शुरुआत में कंपनी में आदमी फंसे होने की सूचना भी प्राप्त हुई थी परंतु मौके पर कोई भी फंसा हुआ नहीं था। कोई जनहानि नहीं है।

## मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना में मिली मदद

**जेवर।** जेवर तहसील परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थी परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनका जीवन बहुमूल्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसान परिवारों को दुर्घटना या आपदा के समय सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत सायबा पत्नी हसमू, चेतराम पुत्र पीता, सुनीता पति नरेश और चित्रा पत्नी लोकेंद्र को चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम अभय प्रताप सिंह, एसडीएम (न्यायिक) विवेक भदौरिया, तहसीलदार तनुजा निगम और प्रभारी कोतवाली जेवर संजय प्रताप सिंह समेत कई लेखपाल उपस्थित रहे।

## ग्रेनो वेस्ट बुजुर्ग महिला लिफ्ट में फंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ला रेजिडेंशिया सोसायटी में एक बुजुर्ग महिला को लिफ्ट में फंसे हुए 30 मिनट बीत गए। फेस-2 के टावर 26 में रहने वाली 65 वर्षीय महिला रात करीब 10 बजे लिफ्ट से नीचे जा रही थीं। लिफ्ट में प्रवेश करते ही वह अचानक बंद हो गई। महिला ने सभी बटन दबाए, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई, पर कोई नहीं सुन पाया। महिला को बस पर छोड़ने जाने वाला उनका भांजा जब काफी देर तक उनके नीचे न आने पर ऊपर आया। उसने महिला की आवाज सुनी और मदद के लिए आवाज लगाई। मेंटेनेंस टीम ने मौके पर पहुंचकर लिफ्ट खोली और महिला को बाहर निकाला। सोसायटी के निवासी आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। बिजली जाते ही लिफ्ट बंद हो जाती है। उच्च मेंटेनेंस चार्ज के बावजूद लोगों को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों ने सोसायटी की लिफ्ट की जांच और बिल्डर पर जुर्माने की मांग की है।

## ग्रेनो वेस्ट में पीडीए जन पंचायत का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा।** समाजवादी पार्टी द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सैनी गांव में सोमवार को पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक (पीडीए) जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ सपा की नीतियों से अवगत कराया गया। सपा के वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सरकार जनता की बुनियादी समस्याओं से निजात दिलाने में नाकाम साबित हुई है। जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा अपने राजनैतिक हित के लिए देश और प्रदेश को संप्रदाय और जाति में बांट रही है।आज पिछड़े, दलित अल्पसंख्यक समाज के साथ अन्याय हो रहा है। इस मौके पर वीर सिंह यादव, डॉ महेंद्र नागर, फकीरचंद नागर, सुधीर तोमर, दीपक भाटी, हैप्पी पंडित, श्याम सिंह भाटी, दीपक नागर, विकास नागर, नरेंद्र, मोनू मुखिया, जगदीप नागर आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कंपनीकर्मी युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** युवक ने कंपनी की कर्मचारी युवती के साथ शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने इनकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से मध्य प्रदेश के जिला सतना की रहने वाली है। वह वर्ष 2019 में नौकरी की चाह लेकर मध्य प्रदेश से नोएडा पहुंची। उसे एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी मिल गई। जनवरी 2020 में उसकी मुलाकात युवक आकाश लाल से हुई। कुछ समय बाद ही कोरोना के चलते लॉकडाउन लग गया, लेकिन दोनों फोन के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में रहे।लॉकडाउन हटने के बाद दोनों ने मिलना-जुलना शुरू कर दिया। दोनों सेक्टर-58 थाना क्षेत्र स्थित एक पीजी में लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने उसे पांच वर्षों तक पत्नी के रूप में रखा, लेकिन शादी करने की बात आने पर बार-बार टरका देता था। इस बीच वह धार्मिक स्थलों पर घुमाने ले गया।

## बेसमेंट में पिलर से पानी का रिसाव जारी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी के बेसमेंट में पिलर से पानी रिसाव ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का आरोप है कि लीकेज के कारण पिलर की मजबूती कमजोर हो रही है। वहीं, बिल्डर प्रबंधन से शिकायत करने पर अभी तक इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। सोसाइटी में रहने वाले सौरभ ने बताया कि निराला स्टेट के फेज वन के बेसमेंट में करीब 84 पिलर से लगातार पानी निकल रहा है, जो कि लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। पिलर से पानी निकालने के कारण उसकी मजबूती भी कमजोर हो रही है, जिसको लेकर कई बार बिल्डर प्रबंधन से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन समस्या का समाधान करने के लिए कुछ नहीं किया गया।लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। साथ ही, पानी निकलने के कारण बेसमेंट में भर रहा है, जिससे लोगों को अपने वाहन तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। साथ ही, वाहनों का भी नुकसान होता है।

## विवाहिता के साथ मारपीट करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर मायके में आकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपियों ने पहले ससुराल में मारपीट की थी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक किशोरपुर गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 18 फरवरी 2025 को उसकी शादी दिल्ली के रहने वाले रजत शर्मा के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही उसे प्रताड़ित करने लगे।महिला ने जेठ पर गंदी नजर रखने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 23 अप्रैल को आरोपियों ने विवाहिता को बुरी तरह पीटा। जेठ ने उसके साथ छेड़खानी की। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता अपने मायके में आकर रहने लगी।

## होटल की छत से गिरकर कर्मचारी की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-51 में रविवार की शाम चार मंजिला होटल की छत से गिरकर हाउसकीपर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि कौशल कुमार सिंह पुत्र राजवीर सिंह सेक्टर-135 में रहता था और हाउसकीपिंग का काम करता था। वह रविवार शाम को सेक्टर-51 स्थित होटल में हाउसकीपिंग का काम करने वाले अपने मित्र कौशल कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह से मिलने आया। पुलिस का दावा है कि दोनों ने शराब पी। रात 12 बजे के करीब कौशल कुमार सिंह सोने के लिए चार मंजिला होटल की छत पर पहुंचा। वह टंकी के नीचे दबी चादर को जोर से खींचने लगा। अचानक से चादर टंकी के नीचे से बाहर आई और कौशल कुमार एक झटके में जमीन पर आ गया। सिर के बल फर्श पर गिरने से कौशल की मौके पर ही मौत हो गई।

# यूपी के 46 शहरों में बारिश, बरेली में हाईवे डूबा

## कॉलोनियों में घुटनों तक पानी भरा, आज 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश। यूपी में प्री-मानसून बारिश का दौर सोमवार को भी जारी रहा। सुबह से गोरखपुर, गोंडा, मथुरा, बलरामपुर, संभल, आगरा, हाथरस, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, संत कबीरनगर समेत 46 से ज्यादा शहरों में बारिश हुई।

प्रदेश में सबसे ज्यादा 149 मिमी बारिश बरेली में रिकॉर्ड की गई। रविवार रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक मूसलाधार बारिश हुई। 6 घंटे की बारिश में लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर घुटने तक पानी भर गया है। हालात यह हो गए कि पुलिसकर्मियों को पानी में खड़े होकर ट्रैफिक कंट्रोल करना पड़ा। शहर की कई कॉलोनियों में कमर तक पानी भर गया। सुभाषनगर पुलिया के पास रोड में इतना पानी भर गया कि सड़क नदी जैसी दिखने लगी। पावर हाउस के अंदर दो फीट पानी भर गया। आगरा में भी करीब एक घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश से आगरा में सड़क 8 फीट धंस गई। इसमें एक युवक गिर गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसका रेस्क्यू किया जा सका। लखनऊ में भी दिनभर बादल छाए रहे। सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई।

चंदौली में बारिश के दौरान बिजली गिरने से 2 युवकों की मौत हो गई। जबकि दो महिलाएं झुलस गईं। वहीं ललितपुर में 2 किसानों की बिजली से मौत हुई है।



आईएमडी के मुताबिक, यूपी के पूर्वांचल और तराई क्षेत्र के 54 जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम बिगड़ सकता है। मौसम विभाग ने बादल गरजने, बिजली गिरने और बारिश की संभावना जताई है। 40 से 50 किमी की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं। 11 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। इनमें कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत समेत आसपास के जिले शामिल हैं। मौसम विभाग ने 17 से 20 जून के बीच बिहार के रास्ते दक्षिण-पश्चिम के यूपी में एंट्री लेने की संभावना जताई है।

### 62 जिलों में अलर्ट, 17 से 20 जून तक मानसून की एंट्री

मौसम विभाग ने सोमवार को 62 जिलों में आधी-बारिश की चेतावनी जारी की थी। मौसम विभाग का अनुमान है कि 17 से 20 जून को बिहार से कुशीनगर, गोरखपुर होते हुए रास्ते यूपी में मानसून की एंट्री होगी। पिछले 24 घंटे में वाराणसी देश में सबसे गर्म रहा, यहां का पारा 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दूसरा सबसे गर्म जालौन रहा, यहां तापमान 42.6 डिग्री रहा। तीसरा सबसे गर्म पंजाब का भटिंडा वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई में 23.5 रिकॉर्ड किया गया।

यूपी में आपदा विभाग के मुताबिक, रविवार से सोमवार तक यानी 24 घंटे में 39 लोगों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 31 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है।

# देवरिया में सगे भाइयों समेत 3 सरयू में डूबे

## गोरखपुर से ममेरे भाई के बर्थडे मनाने ननिहाल आए थे, एक युवक बाल-बाल बचा

**देवरिया।** देवरिया में सरयू में नहाते समय 3 युवकों की डूबकर मौत हो गई। जबकि एक बाल-बाल बच गया। मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। तीनों गोरखपुर के रहने वाले थे।

दोनों सगे भाई रविवार शाम अपने ममेरे भाई का 15वां जन्मदिन मनाने के लिए देवरिया आए थे। रात में जमकर पार्टी की। खूब डांस किया। सोमवार सुबह 7-30 बजे मोहल्ले के दोस्त के साथ घर से 500 मीटर दूर स्थित सरयू नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान चारों गहरे पानी में चले गए।

एक युवक ने किसी तरह तैरकर खुद की जान बचाई, बाकी 3 तेज धार में डूब गए। स्थानीय नाविकों और गोताखोरों ने करीब एक घंटे बाद तीनों के शव बरामद किए।

गोरखपुर के मोहद्दीपुर निवासी सगे भाई प्रदीप (24) और रोहित (23) अपने मामा अनिल के बेटे राधे (15) का बर्थडे मनाने के लिए देवरिया के बरहज थाना क्षेत्र के पटेल नगर में रविवार शाम 5 बजे पहुंचे थे। साथ में दोस्त बंटी (22) भी आया था। तीनों एक ही बाइक से गोरखपुर से आए थे। सोमवार सुबह 7 बजे पड़ोसी राजन और बंटी के साथ दोनों घर से 500 मीटर दूर स्थित सरयू नदी में नहाने गए थे। नहाते समय चारों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।



रोहित प्रदीप बंटी

राजन को तैरना आता था, तो वह किसी तरह तैरकर किनारे आ गया। उसने आसपास मौजूद नाविकों और गोताखोरों से मदद की गुहार लगाई। राज की चीख सुनकर नाविक और गोताखोर बीच नदी तक गए, पर तब तक प्रदीप, रोहित और बंटी डूब चुके थे।

करीब 1 घंटे तक खोजने के बाद नाविकों को तीनों के शव बरामद हुए। तीनों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर तहसीलदार अरुण कुमार भी सीएचसी पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

## बदमाशों ने 4 युवकों को मारी गोली

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के पट्टी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर बाइक सवार हमलावरों ने नाश्ते की दुकान पर बैठे युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर गोली मार दी। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना स्थल नजदीकी पुलिस चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर था, जिससे आम लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। हमले में देवजानी गांव निवासी इकलाख अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद प्रयागराज के स्त्रह्न अस्पताल रेफर किया गया। इकलाख के साथ मौजूद नवाब नामक युवक व दो अन्य युवक भी हमले में जख्मी हो गए है। जिनका प्रतापगढ़ जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाजार में अचानक गोलियों की आवाज गूंजी, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। हमलावरों ने पहले लाठियों से पीटा, फिर सड़क के बीचो बीच गोली चला दी। गोली लगते ही इकलाख जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पर पट्टी पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी भेजा गया। इकलाख की हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज रेफर किया गया।

# गोरखपुर में बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या

## चारपाई पर लाश मिली, पत्नी बोली- जमीन के लिए दुश्मनों ने पति को मारा

**सरदारनगर (गोरखपुर)।** गोरखपुर जिले में रविवार देर रात सरदारनगर थाना क्षेत्र के बिलारी सीतर बौली टोला में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव निवासी राजेंद्र यादव (65) की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना रात लगभग 2:30 बजे की है, जब राजेंद्र यादव अपने घर के बाहर चारपाई पर सो रहे थे।

सुबह के समय जब उनके बेटे मोहन ने चारपाई के नीचे खून देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पास जाकर देखने पर पता चला कि उनके पिता की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक



कार्रवाई की जाएगी। मृतक के तीन पुत्र हैं—बड़ा बेटा दिनेश सेना में है, जबकि मोहन और धर्मेंद्र घर पर रहते हैं।

### जमीन के लिए मेरे पति को मारा

मृतक की पत्नी ने कहा कि मेरे पति को दुश्मनों ने हमारी जमीन के लिए मार डाला। हमें पहले से डर था कि वे लोग कुछ गलत कर सकते हैं। हमने कई बार अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। आज मेरे पति को हमसे छीन लिया गया। मैं चाहती हूं कि जिन लोगों ने यह किया है, उन्हें सजा मिले। मैंने उनके नाम पहले भी बताए हैं और आज भी बता रही हूं—उन्हीं लोगों ने यह साजिश रची है।

# मां ने दो मासूम बच्चों को जहर देकर मार डाला

**उन्नाव।** उन्नाव में एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों की जहर देकर हत्या कर दी। बेटी ढाई साल की थी, बेटा छह महीने का था। पुलिस ने आरोपी मां पर हत्या का केस दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। पूछताछ की गई है।

पति ने बताया, खाना बनाने को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह मायके चली गई। 10 दिन से मायके में थी। आज सुबह 8 बजे खेत में आई। कहा, बच्चों को देखना है। खेत चले आओ। मैं खेत पर बच्चों को लेकर पहुंचा। तभी वहां खेत में कुछ जानवर घुस आए। मै उनको भगाने चला गया। लौटकर आया तो पत्नी ने कहा, ये लो अपने बच्चे, मेरा काम हो गया।

रम्माखेड़ गांव निवासी रोहित (34), अंडे की एक छोटी दुकान चलाता है। रोहित ने पुलिस को बताया, करीब दस दिन पहले पत्नी नेहा से खाना बनाने को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी।


इसके बाद नेहा अपने मायके चली गई थी। बेटी सोनाक्षी (2.5 साल) और बेटा ऋतिक (6 माह) मेरे साथ गांव में थे।

# वाराणसी में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

## टप्पेबाज गिरोह का बदमाश गोली लगने से घायल, दो को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा

**वाराणसी।** वाराणसी शहर में लगातार टप्पेबाजी की घटनाओं से परेशान पुलिस को रात में बड़ी सफलता हाथ लगी जब एक मुठभेड़ के दौरान दिल्ली निवासी शातिर टप्पेबाज मोहम्मद सलीम को घायल अवस्था में पकड़ लिया गया।

पुलिस चेकिंग के दौरान जब सलीम से रुकने को कहा गया तो वह भागने लगा और पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में सलीम के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और पुलिस की गिरफ्त में आ गया। यह पूरी वारदात जैतपुरा थाना क्षेत्र के नख्खीघाट इलाके में हुई।



घायल बदमाश को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। यह मुठभेड़ चेतगंज और जैतपुरा थाना क्षेत्र की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें थाना प्रभारी चेतगंज दिलीप मिश्र और थाना प्रभारी जैतपुरा बृजेश मिश्र मौजूद थे।

### व्यापारी से की थी टप्पेबाजी

मौके से फरार होने की कोशिश कर रहे सलीम के दो साथी सोनू और जसीम को भी पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये तीनों 1 जून को चेतगंज थाना क्षेत्र में एक व्यापारी के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना में भी शामिल थे।

### मौके पर एडीसीपी काशी पहुंचे

घटनास्थल पर एडीसीपी काशी ज़ोन सरवणन टी और एसीपी चेतगंज गौरव कुमार भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस इन बदमाशों के आपराधिक इतिहास की छानबीन कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनका संबंध किसी बड़े गिरोह से तो नहीं है।

# जनपद के 238 किसानों को मिली 9.16 करोड़ की आर्थिक सहायता

## मा0 मुख्यमंत्री ने अम्बेडकरनगर से प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों को दिये 561.86 करोड़

**ललितपुर।** किसानों का कल्याण-उत्तर प्रदेश की पहचान'' थीम पर मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत आज सोमवार को जनपद अम्बेडकरनगर से मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कर-कमलों द्वारा प्रदेश के 11690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, जिसका सजीव प्रसारण कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में आश्रित परिवारों को दिखाया गया।

इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, मा0 सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन की गरिमामयी उपस्थित में जनपद के कुल 238 लाभार्थियों को 9 करोड़ 16 लाख रुपए की सहायता राशि के प्रतीकात्मक चेक किसानों को दिये गए, जिसकी धनराशि लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है।



इन लाभार्थियों में तहसील ललितपुर के 84, तालबेहट के 54, महरौनी के 39, मड़ावरा के 32 एवं तहसील पाली के 29 लाभार्थी शामिल हैं। अम्बेडकर नगर में आयोजित कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी प्रभावित कृषक परिवारों के साथ है, आज प्रदेश के 11960 आश्रित परिवारों को एक साथ 561.86 करोड़ की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों का कल्याण-उत्तर प्रदेश की पहचान है, डबल इंजन की सरकार हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है।

## दामाद ने लाठी से की थी ससुर की हत्या

**गाजीपुर।** गाजीपुर के बिरनो थाना क्षेत्र में एक दिन पूर्व हुए वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्यारोपी दामाद संजय उर्फ रंजय राम को सियारामपुर चट्टी के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के बैराना गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी संजय राम का अपने ससुर गुदरी राम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी के दौरान संजय ने गुस्से में आकर लाठी से ससुर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गुदरी राम को परिजन इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर लाया गया, जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने आरोपी दामाद के खिलाफ तहरीर दी थी, जिस पर बिरनो थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# गाजियाबाद में दिनदहाड़े मुनीम से 8.15 लाख की लूट

## बदमाशों ने पीछाकर आखों में मिर्च पाउडर डाला, पिस्टल दिखाकर बैग छीन ले गए





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में दिनदहाड़े मनीम से 8.15 लाख लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। कविनगर इलाके में बदमाशों ने स्कूटी सवार का पीछा किया। फिर आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया। पिस्टल तानते हुए नोटों से भरा बैग ले गए।

लूट की सूचना पर कविनगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक और एसीपी भास्कर वर्मा मौके पर पहुंचे। बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस पीड़ित मुनीम से पूछताछ कर रही है।

### आंखों में मिर्च पाउडर डाला

अजंता कोल्ड स्टोर लालकुआं का मुनीम अमित कुमार कंपनी का पैसा लेकर कविनगर के चला था। जहां यह पैसा बैंक में जमा होना था। शनिवार और रविवार की छुट्टी होने के चलते 2 दिन का कैश रखा हुआ था। जहां स्कूटी पर बैग में पैसा भरकर मुनीम चला। जैसे ही मुनीम कविनगर में फ्लाईओवर के नीचे पहुंचा तभी पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करते हुए रोक लिया। जहां एक बदमाश ने पिस्टल तान दी। जब तक मुनीम कुछ समझता तब तक दूसरे बदमाश ने मिर्च पाउडर मुनीम की आंखों पर उड़ा दिया। इस बीच मुनीम को दिखाई नहीं दिया और तीनों बदमाश 8 लाख 15 हजार रुपये से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

### रेकी के बाद की लूट

घटना की जानकारी पर एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा और डीसीपी सिटी धवल जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मान रही है कि बदमाशों ने लालकुआं के पास से ही रेकी की है। बदमाशों को पता था कि सोमवार को 2 दिन का कैश है।

मौके पर पहुंचे एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने भी घटना स्थल पर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि पुलिस की 3 टीमें लगाई गईं हैं।

पीड़ित से पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## नाबालिग को भगाने के दोषी को तीन वर्ष की सजा

ललितपुर। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था ।इसी क्रम में अभियुक्त सुरेश पुत्र कोमल प्रजापति निवासी ग्राम आलापुर बांसी जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना जखौरा में मु0अ0सं0 101/2018 धारा 363/366ए/376(3) आईपीसी व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट व 4 पॉक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था ।पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना जखौरा पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 16.06.2025 को मा0 न्यायालय एडीजे/पॉक्सो एक्ट कोर्ट ललितपुर द्वारा अभियुक्त सुरेश उपरोक्त को धारा 363 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कठोर कारावास व 05 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## दुल्हन के प्रेमी ने की दूल्हे की हत्या

**रामपुर।** रामपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शादी के दिन दूल्हे की हत्या कर दी गई। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना गंज में मुशर्रत शाह के बेटे निहाल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच में पता चला कि दुल्हन गुलफशा का प्रेमी सद्दाम और उसके साथी फरमान ने निहाल का अपहरण किया। इसके बाद उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी। शव को रतनपुरा थाना अजीमनगर के एक मक्के के खेत में छिपा दिया। आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए मृतक का मोबाइल भी नष्ट कर दिया। एएसपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने फरमान को धनुपुरा से गिरफ्तार कर लिया है। फरमान महबूब शाह का बेटा है। मामले में सद्दाम, अनीस और गुलफशा भी आरोपी हैं। पुलिस जल्द ही बाकी आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। थाना गंज में धारा 103(1)/140(1)/238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शारदा में डूबी महिला का शव 48 घंटे बाद मिला

**सीतापुर।** सीतापुर के तंबौर थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। बसंतापुर गांव की 65 वर्षीय फूलमती का शव शारदा नदी से बरामद किया गया है। महिला शनिवार रात करीब दो बजे घर से निकली थी। फूलमती शारदा नदी के किनारे पहुंचीं और अनियंत्रित होकर नदी में गिर गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों ने बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय स्तर पर प्रयास विफल होने के बाद रविवार को एसडीआरएफ को बुलाया गया। एसडीआरएफ की टीम ने रविवार और सोमवार को लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। सोमवार को कड़ी मशक्कत के बाद महिला का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलने की खबर से गांव में शोक की लहर है। परिजनों की हालत बेहद दयनीय है। तंबौर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में यह मामला दुर्घटना का लग रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## लखनऊ नगर निगम टीम का विरोध

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम के जोन-4 में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। स्थानीय व्यापारियों से बहस के बाद टीम के अधिकारियों को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। मिठाई वाले चौराहे के पास स्थित वेंडिंग जोन में अतिक्रमण की शिकायत स्थानीय पार्षद ने की थी। इसके बाद नगर निगम की टीम-296 कार्रवाई करने पहुंची थी। मौके पर विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने चिह्नित जगह से आगे तक कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा- पहले भी यहां से अवैध कब्जा हटाया गया था। अब ऐसा नहीं करने दिया जाएगा। 13-14 दुकान वेंडिंग जोन में है। सिर्फ यही दुकानें तय जगह पर लगाई जाएंगी। जोन-4 के जोनल अधिकारी संजय यादव का कहना है कि अतिक्रमण की शिकायत के बाद वेंडिंग जोन पर नगर निगम की टीम पहुंची थी। यहां पर लोगों से बहस हो गई। मौके पर अधिकारियों ने लोगों को मनाया। इसके साथी तय जगह से आगे अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी।

## संभल में दरगाह की शिफ्टिंग शुरु

**संभल।** संभल में दरगाह को पीडब्लूडी सड़क से 65 फीट पीछे शिफ्ट करने के लिए 50 जैक लगाए गए है। प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को यह कार्य 15 दिन में पूरा करने का निर्देश दिया है। वहीं इंजीनियर का कहना है कि 1 महीने से अधिक का समय लगेगा। आज से जैक लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। मामला हयातनगर थाना क्षेत्र के बहजोई मार्ग का है। संभल से बहजोई मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना है। इस चौड़ीकरण की जद में मस्जिद, दरगाह और मंदिर का कुछ हिस्सा शामिल है। मस्जिद और दरगाह पूरी तरह अतिक्रमण की जद में आए तो मस्जिद कमेटी ने मस्जिद को खुद ही ध्वस्त करा दिया, लेकिन दरगाह को शिफ्ट कराया जा रहा है। पीडब्लूडी ने इसे हटाने का नोटिस जारी किया था। 2 जून को सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम वंदना मिश्रा और तहसीलदार धर्मेंद्र प्रताप सिंह की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। इसके बाद लोगों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। इसके लिए रुड़की से टीम बुलाई है। यह टीम करीब 10 लाख रुपये में दरगाह को शिफ्ट करेगी। लोकनिर्माण विभाग के एक्सईएन सुनील प्रकाश ने बताया कि 30 दिन का समय दरगाह हटाने के लिए दिया गया है। इस अवधि के बाद चौड़ीकरण की प्रक्रिया को शुरू कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन–यूरोप एक्सप्रेस बनी बेल्ट एंड रोड पहल की रीढ़, विश्व कनेक्टिविटी को मिल रही गति

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन च्येन ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कनेक्टिविटी बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चीन व्यापक परामर्श, संयुक्त निर्माण और साझा लाभ वाले सिद्धांतों का पालन करता रहेगा, जिससे वह वैश्विक कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति बना रहेगा। चीन का लक्ष्य अपने स्वयं के विकास से दुनिया को लाभ पहुंचाना और सभी पक्षों के लिए जीत–जीत परिणाम हासिल करना है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, चीन–यूरोप एक्सप्रेस ने पिछले कुछ वर्षों में 1.1 लाख ट्रेनों का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसमें 4.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का कार्गो मूल्य है। कई टिप्पणीकारों का मानना है कि चीन–यूरोप एक्सप्रेस मार्ग से जुड़े देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक सहयोग के लिए यह एक एक्सलेटर बन गया है। लिन च्येन ने बताया कि चीन–यूरोप एक्सप्रेस बेल्ट एंड रोड पहल की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वर्तमान में, चीन के 128 शहरों से चीन–यूरोप एक्सप्रेस सेवाएं शुरू हो चुकी हैं, जो 26 यूरोपीय देशों के 229 शहरों और 11 एशियाई देशों के 100 से अधिक शहरों तक पहुंचती हैं। औसतन हर आधे घंटे से भी कम समय में एक ट्रेन रवाना होती है, जो इस नेटवर्क की दक्षता को दर्शाता है। चीन–यूरोप एक्सप्रेस कुशलतापूर्वक, स्थिर और सुचारू रूप से संचालित होती है, न केवल एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक और व्यापारिक आदान–प्रदान के लिए एक सेतु का निर्माण करती है, बल्कि मार्ग के साथ–साथ आने वाले देशों में विकास की गति को भी बढ़ाती है।

### शी जिनपिंग ने यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय को संवेदना संदेश भेजा

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान में ब्रिटेन के नागरिकों की मौत पर यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय को संवेदना संदेश भेजा। शी चिनफिंग ने कहा कि उन्हें यह जानकर आश्चर्य हुआ कि एयर इंडिया का यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें आपके देश के नागरिक भी मौजूद थे। चीनी सरकार और जनता की ओर से मैं पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, पीड़ितों और घायलों के परिवारों के प्रति सच्ची सहानुभूति व्यक्त करना चाहता हूं तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। चीनी प्रधानमंत्री ली छ्यांग ने भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को संवेदना संदेश भेजा।

### बेजोस के लिए कोई जगह नहीं; अरबपति कारोबारी की शादी के खिलाफ हैं वेनिस के लोग?

**वेनिस , एजेंसी।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी मंगेतर पूर्व टीवी पत्रकार लॉरेन सांचेज जून के अंत (24 से 26 जून) के बीच वेनिस में शादी करने जा रहे हैं। हालांकि शादी की तारीख और जगह को बेहद गोपनीय रखा गया है, लेकिन वेनिस में तैयारियों से लोगों को अंदेशा हो गया है कि कुछ बड़ा होने वाला है। लेकिन इस भव्य शादी को लेकर वेनिस के कई स्थानीय लोग और कार्यकर्ता नाराज हैं। उनका कहना है कि पहले से ही भीड़भाड़ और पर्यटकों की वजह से परेशान शहर को ये हाई–प्रोफाइल शादी और थका देगी। मामले में स्थानीय एक्टिविस्ट्स ने नो स्पेश फोर बोजोस नाम से विरोध अभियान शुरू किया है। सान जॉर्जियो द्वीप की चर्च की मीनार पर नो स्पेश फोर बोजोस का बैनर भी लगाया गया। प्रदर्शन की आयोजक फेडेरिका टोनीनेलो ने दावा किया कि शादी ला मिसेरीकोर्डिया नामक इवेंट हॉल में हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि बेजोस वहां तक नहीं पहुंच पाएगा। हम रास्तों को अपने शरीरों से रोकेंगे, नहरों को नावों और लाइफसेवर्स से जाम कर देंगे। साथ ही एक और प्रदर्शनकारी ना हैबी स्टेला फे ने कहा कि हमारे पास एक 10 मिलियन डॉलर की शादी को रोकने का मौका है, हमें ये करना चाहिए। वहीं वेनिस के विपक्षी नेता जियोवानी आंद्रेया मार्टिनी ने कहा कि यह शादी वेनिस के डिज़्नीफिकेशन (पर्यटन के लिए असली शहर को शोपीस बना देना) का चरम उदाहरण है। उनका कहना है कि आम वेनिस वासियों को इससे कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि यह असुविधा ही लाएगा। तेज होते विरोध प्रदर्शन के बीच वेनिस के मेयर लुइगी ब्रुग्नारो बोजोस के समर्थन में सामने आए है। उन्होंने विरोध करने वालों को शर्मनाक बताया। साथ ही दावा किया कि शादी से शहर को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, सिर्फ 200 मेहमान आमंत्रित होंगे, इसलिए शहर की व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### भारत ने नेपाल को दीं 40 एंबुलेंस

**काठमांडो, एजेंसी।** काठमांडो स्थित भारतीय दूतावास ने शनिवार को नेपाल के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों को 40 एंबुलेंस उपहार स्वरूप दी। इससे सात राज्यों के 33 जिलों के लोगों को सेवा मिलेगी। भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा, 22 एंबुलेंस काठमांडो, बीरगंज और पोखरा में 7–7 और धरान में 4 एंबुलेंस मुहैया कराई गई। काठमांडो में आयोजित समारोह में वाहनों की चाबियां भारतीय दूतावास के उप प्रमुख प्रसन्ना श्रीवास्तव द्वारा सौंपी गईं। उप प्रमुख ने कहा कि एंबुलेंसों का उपहार देना नेपाल–भारत विकास साझेदारी के तहत भारत सरकार की दीर्घकालिक पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य नेपाल सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रयासों को बढ़ावा देना है।

# इजराइल का ईरानी रक्षा मंत्रालय पर हमला: तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो पर बमबारी

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर से एक दूसरे पर कई मिसाइलें दागी। दोनों देशों के बीच बीते 48 घंटे से संघर्ष जारी है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में मौजूद रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को हिट किया। दो दिन की लड़ाई में अब तक 138 ईरानी मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। इसके अलावा 350 से ज्यादा घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। हमले में इजराइल के 13 लोग मारे जा चुके हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। ईरान ने 3 इजराइली स्न-35 विमान गिराने का भी दावा किया है।



**इजराइल में 2 और शव बरामद, आज मौत का आंकड़ा 10 पहुंचा :** राजधानी तेल अवीव में ईरान के हमले में मारे गए 2 और लोगों के शव बरामद हुए हैं। इसके साथ ही रविवार को मौत का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इसके अलावा 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 7 लोग अभी भी लापता हैं। इजराइल में अब तक ईरानी हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है और 300 से ज्यादा घायल हैं।

**इजराइली सेना ने ईरान में मिसाइल लॉन्चरों पर हमला किया :** इजराइली सेना ने पश्चिमी ईरान में मिसाइल स्टोरेज और लॉन्चरों को निशाना बनाया। सेना ने इन हमलों का एक वीडियो भी जारी किया है। ट्रम्प बोले- ईरान और इजराइल की लड़ाई आसानी से रोक सकते हैं ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान और इजराइल के बीच समझौता कराकर इस लड़ाई को आसानी से रोक सकते है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा- अमेरिका का ईरान पर हुए हमले से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान किसी भी तरह से अमेरिका पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना पूरी ताकत के साथ जवाब देगी। ईरान के हमले में इस्राइल को भारी नुकसान, मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 10 हुआ ईरान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों से किए गए हमले में इस्राइल को भी भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इस्राइल में कई मकान हमले में तबाह हो गए हैं और अब मृतकों का आंकड़ा भी बढ़कर 10 हो गया है। बेत याम इलाके में ईरानी हमले के बाद सात लोग लापता हैं और उनके मलबे में दबे होने की आशंका है। इस्राइल के ईरान पर हमले में 100 से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। मृतकों में ईरान के दो परमाणु वैज्ञानिक और कई शीर्ष सैन्य कमांडर भी शामिल हैं। इस्राइल ने यमन मे भी किए हमले; ईरानी हमले में मरने वालों का आंकड़ा 10 हुआ शुक्रवार को इस्राइल के ईरान के कई परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद से दोनों देशों में संघर्ष जारी है। इसके चलते पश्चिम एशिया में तनाव और गहराता जा रहा है। दोनों देशों ने तीसरी रात भी एक दूसरे प हवाई हमले जारी रखे हैं। इस संघर्ष में अब तक दर्जनों लोग मारे जा चुके हैं और इस संघर्ष का फिलहाल कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात को भी इस्राइली हमले के बाद ईरान ने भी पलटवार किया और इस्राइल पर सैंकड़ों मिसाइलों से हमला बोला। हमले के बाद इस्राइल में भी नुकसान हुआ है और कई लोग घायल हुए हैं। इस्राइल के ईरान में हमलों से जहां उसके परमाणु ठिकानों को नुकसान पहुंचा है वहीं 20 बच्चों सहित कम से कम 80 लोग मारे गए हैं। वहीं इस्राइल में चार लोग मारे गए हैं। साथ ही दोनों पक्षों में जारी हमलों में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। अमेरिका की स्थिति पर संशय इस्राइल के ईरान पर हमले में अमेरिकी की संलिप्तता को लेकर संशय की स्थिति है। दरअसल अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका हमले में शामिल नहीं है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस्राइल के हवाई हमले के बारे में पहले से जानकारी थी। भारत के पूर्व राजदूत महेश सचदेव का कहना है कि अमेरिका के बयानों में विरोधाभास है। उन्होंने कहा कि इस्राइल का ईरान पर हमला बड़ी सफलता है और इससे अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में अमेरिका ज्यादा शर्त लगा सकेगा। इस्राइल ने रविवार को यमन में भी हवाई हमले किए।

## मैं जल्द मर सकता हूं, मिनेसोटा गोलीबारी के आरोपी ने अपने दोस्त को किया था ये मैसेज

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** मिनेसोटा में हुई गोलीबारी के आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार डॉलर का इनाम घोषित किया है। संदिग्ध आरोपी की पहचान वेंस लूथर बोएलटर के रूप में हुई है। 57 वर्षीय वेंस बोएलटर पर ही मिनेसोटा के राज्य विधायक मेलिसा होर्टमैन और उनके पति की हत्या और स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी पर गोली चलाने का आरोप है।

**आरोपी ने अपने दोस्त को किया था मैसेज :** पुलिस ने बताया कि आरोपी ने ग्रे रंग की काउबॉय हैट पहने हुए था। एफबीआई ने आरोपी की जानकारी देने वाले को 50 हजार डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। बोएलटर के दोस्त रहे डेविड कार्लसन (59 वर्षीय) ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले वे दोनों एक ही घर में रहते थे और दोनों करीब एक साल तक साथ रहे। शुक्रवार की रात उसने आखिरी बार बोएलटर को देखा था और शनिवार सुबह 6 बजे उसके पास बोएलटर का एक मैसेज आया था। इस मैसेज में बोएलटर ने लिखा कि वह शायद जल्द मरने वाला है। कार्लसन ने इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। जांच में पता चला है कि बोएलटर को साल 2016 में गवर्नर की वर्कफोर्स डेवलेपमेंट बोर्ड में नियुक्ति हुई थी। ये वोर्फोर्स बोर्ड ही मिनेसोटा के गवर्नर को सलाह देता है। बोएलटर द्वारा कथित तौर पर की गई गोलीबारी की वजह अभी पता नहीं चल सकी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**राजनीतिक दुश्मनी की आशंका भी नहीं :** अभी तक की जांच में पता चला है कि बोएलटर किसी भी राजनीतिक पार्टी का कट्टर समर्थक नहीं था। ऐसे में राजनीतिक दुश्मनी की बात भी गले नहीं उतर रही है। कार्लसन ने बताया कि बोएलटर ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को वोट किया था और वह भी गर्भपात विरोधी था, लेकिन वह किसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर बिल्कुल गुस्से में नहीं था। बोएलटर पूर्व में एक सिक्योरिटी कंपनी का मालिक था, लेकिन हाल के दिनों में बेरोजगार था। एक महीने पहले बोएलटर ने लिंकडन पर लिखा था कि वह फूड इंडस्ट्री में नौकरी की तलाश में है और टेक्सास, मिनेसोटा, फ्लोरिडा और वॉशिंगटन डीसी में काम कर सकता है।

## गो फंड मी: ब्रिटेन में भारतीय समुदाय की पहल, अहमदाबाद विमान हादसे में अनाथ बच्चियों की मदद को जुटा रहे फंड

**लंदन, एजेंसी।** लंदन में रह रहे भारतीय समुदाय ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के ब्रिटेन स्थित परिवार वालों की सहायता के लिए पैसे जुटाने के लिए एकजुटता दिखाई है। इसमें दो अनाथ बच्चों के लिए तत्काल सहायता भी शामिल है। दुर्घटना के 241 पीड़ितों में से एक अर्जुन पटोलिया अपनी पत्नी भारती की इच्छा पूरी करने के लिए उनकी अस्थियों को विसर्जित करने गुजरात आए थे। उनके दोस्तों और परिवार ने शुक्रवार को उनकी दो बेटियों की आर्थिक सहायता के लिए एक ऑनलाइन गो फंड मी अभियान शुरू किया। पहले दिन ही लक्ष्य का आधे से अधिक धन जुटा लिया है। अर्जुन की कंपनी इंस्पायर्ड एलिमेंट्स के विनोद खिमजी ने कहा, 18 दिनों में दो छोटी बहनों (चार और आठ साल की) ने माता-पिता को खो दिया। जुटाई गई राशि कानूनी ट्रस्ट में रखी जाएगी या उनकी बेटियों की शिक्षा और अन्य जरूरतों के लिए उनके नियुक्त कानूनी अभिभावकों द्वारा प्रबंधित किया जाएगा। इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन निवासी अबधी पटेल के परिवार के लिए भी इसी तरह का प्रयास शुरू किया गया है। उनके पति पंकज और आठ वर्षीय बेटे मीर पटेल के मदद के लिए रकम जुटाई गई है। भारत में ब्रिटिश उच्चायोग ने अहमदाबाद हवाईअड्डे के पास सहायता केंद्र खोला है।

# ईरान-इसराइल तनाव के बीच ओमान में परमाणु वार्ता रद्द

**ओमान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में जारी उथल-पुथल के बीच ईरान और इसराइल के बीच बढ़ते तनाव ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हालिया घटनाक्रम में ओमान में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। यह वार्ता संभावित रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर किसी समझौते की दिशा में एक अहम क़दम हो सकती थी, लेकिन इसराइल और ईरान के बीच सैन्य धमकियों और कार्रवाई के बीच इसकी संभावनाएं ध्वस्त हो गई हैं। क्या हुआ वार्ता के साथ?

ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने घोषणा की कि रविवार (15 जून 2025) को मस्कट में होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता अब नहीं होगी। उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा: इस रविवार को मस्कट में होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता अब नहीं होगी। लेकिन कूटनीति और बातचीत ही स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। यह वार्ता ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने और प्रतिबंधों में राहत के बदले ईरान की जवाबदेही तय करने के अमेरिकी प्रयासों का हिस्सा थी। ओमान अब तक दोनों देशों के बीच एक शांतिपूर्ण पुल का कार्य करता रहा है। परंतु मौजूदा स्थिति में यह संवाद अब स्थगित हो गया है।

**तनाव की वजह क्या बनी?**

**1. इसराइल की धमकी और सैन्य कार्रवाई :** इसराइल के प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू ने सीधे तौर पर ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा : हम बर्दाश्त नहीं कर सकते कि ईरान 20 हज़ार मिसाइलों के उत्पादन की क्षमता विकसित करे। हमने उनकी उत्पादन क्षमता को बर्बाद करने के लिए कार्रवाई की है। नेतन्याहू का यह बयान साफ इशारा करता है कि इसराइल ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम को क्षेत्रीय और वैश्विक खतरे के रूप में देखता है। इसके अलावा उन्होंने एक बड़ा दावा भी किया : बहुत जल्द आप तेहरान के आसमान में इसराइली विमान, इसराइली वायुसेना और हमारे पायलटों को देखेंगे। यह एक प्रत्यक्ष चेतावनी है - कि इसराइल ईरान की राजधानी तक हवाई हमले कर सकता है।



**2. ईरान की प्रतिक्रिया :** ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियान ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ से फ़ोन पर बातचीत के दौरान कहा: ज़ायनिस्ट आक्रामकता जारी रही तो ईरानी सशस्त्र बल और कठोर तथा शक्तिशाली जवाब देंगे। यह बयान ईरान की डिटरेंस पॉलिसी यानी 'आक्रामक रोकथाम' रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पेज़ेश्कियान के तेवरों से साफ है कि ईरान अब पीछे हटने को तैयार नहीं है। कूटनीतिक विश्लेषण: क्या परमाणु वार्ता फिर से शुरू होगी? परमाणु वार्ता का रद्द होना अमेरिका-ईरान संबंधों में एक और गिरावट है। यह वार्ता 2015 के जेसीपीओए की संभावित बहाली की दिशा में एक कदम मानी जा रही थी। लेकिन अब : अमेरिका में चुनावी माहौल गरम है; इसराइल-ईरान युद्ध की आशंका गहराती जा रही है; और ईरान की नई सरकार राष्ट्रीय सम्मान को प्राथमिकता दे रही है। इन सब कारणों से निकट भविष्य में औपचारिक परमाणु वार्ता का दोबारा शुरू होना बेहद मुश्किल दिखता है।

# राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, कई शहरों में फैला विरोध प्रदर्शन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ देश में विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस से हुई थी। अब यह विरोध प्रदर्शन कई शहरों तक फैल चुका है। शनिवार को फिलाडेल्फिया में सैंकड़ों की संख्या में लोग ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना है कि देशभर में सैंकड़ों आयोजनों में लाखों लोग शामिल हुए हैं।




**लॉस एंजिलिस में हुए थे दंगे :** बीते हफ्ते अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अमेरिका के आव्रजन विभाग ने छापेमार कार्रवाई की थी और कई अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया था। इसके खिलाफ लॉस एंजिलिस में हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड्स की तैनाती का आदेश दिया, जिससे लोग और नाराज हो गए और शहर में जगह-जगह दंगे और आगजनी शुरू हो गई। अब भी लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि फिलहाल हालात सामान्य हैं। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन में भी ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ लोगों ने विरोध मार्च निकाला।

**वॉशिंगटन समेत कई शहरों में हुए विरोध प्रदर्शन :** मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में ड्रम लेकर डांस करते दिखे और प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप विरोधी नारे लगाए। अटलांटा में भी करीब पांच हजार लोग एक कार्यक्रम में शामिल हुए। शनिवार को ट्रंप वॉशिंगटन में आयोजित हुई मिलिट्री परेड में शामिल हुए। आर्मी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर इस परेड का आयोजन किया गया। वॉशिंगटन में भी करीब 200 लोगों ने लोगन सर्किल में ट्रंप के विरोध में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप के बड़े-बड़े कटआउट बनाए हुए थे। वर्जीनिया में तो प्रदर्शनकारियों को एक एसयूवी ने टक्कर भी मार दी, जिसमें 21 साल का एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। प्रदर्शनकारियों ने हमें राजा नहीं चाहिए और मिनी मुसोलिनी को निर्वासित करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए वे यहां हैं।

## बांग्लादेश: निर्वाचित सरकार की प्रतीक्षा में व्यापारी और निवेशक, भरोसा नहीं जीत पाई अंतरिम सरकार?

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश का व्यापारिक समुदाय और निवेशक देश में स्थिरता और उनके हित में स्थायी नीतियों के लिए एक निर्वाचित सरकार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बांग्लादेश परिधान निर्माता व निर्यातक संघ (बीजीएमईए) ने कहा है कि अंतरिम सरकार के दौरान देश में कोई भी निवेशक निवेश नहीं करना चाह रहा। संघ के अध्यक्ष महमूद हसन खान बाबू ने कहा, यूनुस की सरकार ने बैंकिंग सुधारों, लूटपाट पर नियंत्रण समेत कुछ अच्छी पहल की हैं लेकिन वह भरोसा हासिल नहीं कर पाई है। कारोबारियों के सबसे अहम संगठन बीजीएमईए ने कहा कि आम तौर पर, एक अंतरिम सरकार के दौरान, निवेशक निवेश नहीं करना चाहते हैं। महमूद बोले- उम्मीद है कि जल्द ही चुनाव होंगे। यह चुनाव एक विश्वसनीय, निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए ताकि लोग अपना फैसला दे सकें।

**भारतीयों–बांग्लादेशियों में अच्छे संबंध :** महमूद हसन खान बाबू ने कहा, भारतीय और बांग्लादेशी लोगों के बीच संबंध बहुत अच्छे और बहुत सौहार्दपूर्ण हैं। खासकर पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में, हमारे पास कुछ समान सांस्कृतिक चीजें हैं। लेकिन समस्या यह है कि जब दोनों तरफ सरकार बदलती है, तो स्थिति भी बदल जाती है। कभी बहुत सौहार्दपूर्ण, कभी एकतरफा प्यार और कभी नाराजगी की स्थिति। यह भारत में सरकार या बांग्लादेश में सरकार पर निर्भर करता है। अकुशलता से बंद हुए 4,000 कारखाने महमूद बोले, बांग्लादेश में करीब 4,000 अहम कारखाने उनकी अकुशलता, प्राकृतिक आपदाओं, राजनीतिक हालात जैसी मानव निर्मित आपदाओं या बंदरगाहों, बिजली या ऊर्जा में समस्याओं जैसे बुनियादी ढांचे के कारणों से बंद हो चुके हैं। हम ऊर्जा के मुद्दों जैसे गैस, बिजली और मुद्रास्फीति की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



# सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा, टूडो को बताया सबसे कमजोर प्रधानमंत्री

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक और अध्यक्ष जसदीप सिंह जेसी ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा है। उन्होंने कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन टूडो को सबसे कमजोर प्रधानमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि टूडो के कार्यकाल के दौरान खालिस्तानी समर्थन बढ़ा। यह नए पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में कम हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे लगता है कि खालिस्तानी समर्थन और खालिस्तानी प्रभाव जो हमने अतीत में देखा था, अब ऐसा नहीं होता। जस्टिन टूडो अपने पिता की तरह ही एक बहुत ही कमजोर प्रधानमंत्री थे और उनके पास भारत के खिलाफ एक एजेंडा था, जो खत्म हो गया है। जेसी ने कहा कि अब कनाडा में खालिस्तानी प्रभाव नहीं है। खालिस्तानी आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा है। भारत से बाहर रहने वाले अधिकांश सिख भारत, पंजाब से प्यार करते हैं, और चाहते हैं कि भारत और पंजाब आगे बढ़ें। मैं खालिस्तानियों को सिख भी नहीं मानता क्योंकि वे सिख सिद्धांतों पर काम नहीं करते। उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पीएम मोदी को कनाडा द्वारा दिए गए निमंत्रण का स्वागत किया और इसे भारत-कनाडा संबंधों का सकारात्मक विकास बताया। उन्होंने पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए कार्नी की सराहना की



और कहा कि यह दोनों देशों के लिए एक नई शुरुआत है। जेसी ने कहा कि पीएम मोदी को आमंत्रित करने का कनाडा का निर्णय बहुत अच्छा है। भारत एक बहुत मजबूत राष्ट्र है। अच्छी समझ की जीत हुई और मैं पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की सराहना करता हूं। यह एक बहुत अच्छे रिश्ते की शुरुआत है। खालिस्तानी आंदोलन के नाम पर हो रहा अवैध व्यापार कार्नी ने कहा कि खालिस्तानी आंदोलन के नाम पर दुष्ट तत्व हर तरह का अवैध व्यापार कर रहे हैं। हमने उन्हें मानव तस्करी में शामिल देखा है। जब सभी युवा जो डंकी मार्ग से इन विदेशी देशों में आ रहे थे, उन्हें गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे तथाकथित खालिस्तानी नेताओं द्वारा पीड़ित और हेरफेर किया जा रहा था। फिर जनमत संग्रह के लिए इस्तेमाल किया गया और उन्हें झूठे वादे दिए गए कि उन्हें राजनीतिक शरण मिलेगी और इस तरह की सभी चीजें। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आने के बाद, यह सब बंद हो गया है और इन सभी झूठे आव्रजन मामलों की जांच होने जा रही है। खालिस्तानियों को नहीं मानते सिख सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक ने कहा कि हम खालिस्तानियों को सिख नहीं मानते क्योंकि वे सिख धर्म के सिद्धांतों के खिलाफ काम करते हैं। इसलिए उनका प्रतिशत बहुत कम है, और मुझे नहीं लगता कि इस नई सरकार पर उनका कोई प्रभाव है। पूजा स्थलों पर हमले गलत जेसी ने कहा कि हम सभी तरह की हिंसा की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन बर्बरता की हरकतें, खासकर हिंदू मंदिरों-पूजा स्थलों में, गलत थीं।

# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में यशस्वी जायसवाल के पास इतिहास रचने का मौका, द्रविड़-वीरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़ने के करीब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 20 जून से शुरू हो रहे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल इतिहास रच सकते हैं। दरअसल, यशस्वी रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने और वीरेंद्र सहवाग और राहुल द्रविड़ जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ने के कगार पर हैं। टेस्ट क्रिकेट में 2023 में डेब्यू के बाद से ही ये युवा खिलाड़ी ने अपनी छाप छोड़ी है। उन्हें पहले से ही दुनिया के बेहतरीन युवा खिलाड़ियों में गिना जाता है। बाएं हाथ का ये बल्लेबाज रिकॉर्ड बुक में अपना नाम और दर्ज करा सकता है। उसके पास टेस्ट में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का सुनहरा मौका है।

यशस्वी जायसवाल ने फिलहा 19 मैच की 36 पारियों में 52.88 के औसत से 1789 रन बनाए हैं। इसमें उनके नाम चार शतक और दस अर्द्धशतक हैं। अगर वह अगली तीन पारियों में 2000 रन का आंकड़ा पूरा करने में सफल हो जाते हैं तो वह टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज 2000 रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग को पछाड़ सकते हैं। द्रविड़ और सहवाग दोनों ने 40 पारियों में ये उपलब्धि हासिल की थी। ऐसे में जायसवाल के पास इंग्लैंड में आगामी सीरीज में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का बेहतरीन मौका होगा।

यशस्वी जायसवाल के लिए इंग्लैंड की परिस्थितियों में ओपनिंग करने की चुनौती आसान नहीं होगी। दौरे की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में चार पारियों में उन्होंने सिर्फ एक अर्द्धशतक बनाया। जायसवाल के साथ केएल राहुल पारी की शुरुआत कर सकते हैं, जिन्होंने देश की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक के साथ की थी और इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी अर्धशतक बनाया था।




# आईसीसी ने घोषित किया महिला एकदिवसीय विश्वकप का कार्यक्रम, भारत पाक मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल 30 सितंबर से शुरू होने जा रहे आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये टूर्नामेंट इस साल 30 सितंबर से भारत में शुरुह होगा हालांकि इसमें पाकिस्तान के मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। दोनो देशों के बीच तनाव को देखते हुए ही हाईब्रिड मॉडल रखा गया है। इसमें मेजबान भारतीय टीम श्रीलंका से पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 30 सितंबर को खेलेगी। आठ टीमों का यह टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। इसमें शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। वहीं फाइनल 2 नवंबर को होगा। ऑस्ट्रेलिया इसमें पहला मुकाबला 1 अक्टूबर को इंदौर के होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड से खेलेगी।

भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण पाकिस्तान के सभी मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। इसमें भारत और पाक के बीच मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। इस टूर्नोमें में भारत में होने वाले मैच बेंगलुरु, गुवाहाटी, इंदौर और विशाखापत्तनम जबकि श्रीलंका में होने वाले मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। ये सभी मैच दोपहर 3 बजे से होंगे।

# गंभीर के पहले टेस्ट के लिए टीम से जुड़ने की संभावना बढ़ी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की मां की तबियत पहले से कुछ ठीक है। ऐसे में गंभीर जल्द ही टीम से जुड़ सकते हैं। ये भी कहा जा रहा है कि गंभीर 20 जून से शुरु हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारती टीम अभी इंग्लैंड में अभ्यास कर रही। अभी टीम के कोच की जिम्मेदारी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण निभा रहे हैं।

वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्मण एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्विट्जरलैंड की यात्रा पर थे और टीम से मिलने के लिए इंग्लैंड गए थे। ये गंभीर के भारत लौटने से पहले ही उनकी योजना का हिस्सा थे। लक्ष्मण ने लंदन से लॉज़ेन की यात्रा की और इंट्रा-स्क्वाड (आपस में हुए) मैच में वह भारतीय खिलाड़ियों के साथ रहे। ये मैच भारत ए और राष्ट्रीय टीम के बची टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए खेला गया। इसमें लक्ष्मण का काम टीम पर नजर रखना और अपने अनुभवी साझा करना रहा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार लक्ष्मण की टीम के साथ कोई आधिकारिक भूमिका नहीं है। वह स्विट्जरलैंड गए थे और लंदन में लड़कों के साथ समय बिताने के लिए रुके थे। यह पहले से उनकी योजना में शामिल था,'

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वह पहले टेस्ट से पहले निश्चित रूप से टीम में शामिल होंगे। उन्होंने अपनी मां की स्थिति के बारे में डॉक्टरों से बात की है। वह अभी भी आईसीयू में हैं हालांकि उनकी सेहत में पहले से सुधार है। ऐसे में कोच जल्द ही अपनी वापसी की योजना बनाएंगे.'

उनकी वापसी तक भारतीय टीम को टीम लक्ष्मण के अनुभवों से सीखने को मिलेगा।

# सरफराज को लेकर टीम प्रबंधन पर बरसे आकाश चोपड़ा

**–तकनीक ही पसंद नहीं है तो उनको इंडिया ए के लिए भी क्यों रखते हो?**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत ए की ओर से बल्लेबाज सरफराज खान के अच्छे प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने एक बार फिर टीम प्रबंधन पर निशाना साधा है। चोपड़ा ने कहा है कि अगर प्रबंधन को सरफराज पर भरोसा ही नहीं था तो उसे क्यों इंग्लैंड दौरे पर ले जाया गया था। चोपड़ा ने ये बात इसलिए कही है क्योंकि सरफराज को इस दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारत ए और भारतीय टेस्ट टीम के बीच इंट्रा स्क्वॉड मैच में सरफराज ने जबरदस्त पारी खेली। उन्होंने कहा है कि जब आपको सरफराज की तकनीक ही पसंद नहीं है तो उनको इंडिया ए के लिए भी क्यों रखते हो?

15 चौके और 2 छक्कों की मदद से इस इंट्रा स्क्वॉड मैच में शतक लगाने से पहले सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी 92 रनों की पारी खेली थी। पिछली सीरीज के दौरान ये बल्लेबाज भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा था पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उसको अवसर नहीं मिला था। इस पर चोपड़ा ने कहा है कि इस खिलाड़ी ने ऐसा कुछ गलत नहीं किया है कि उनको टेस्ट टीम में न रखा जाए।

चोपड़ा ने कहा, सरफराज ने अब तक कुछ भी गलत नहीं किया है। वास्तव में, उन्होंने अब तक कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने जो एक मैच खेला, उसमें उन्होंने 90 से ज्यादा रन बनाए। वे शतक नहीं बना पाए, लेकिन उन्होंने रन बनाए। उसके बाद, आपने उन्हें अगले मैच में नहीं खिलाया और वे टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह अब तक इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में विफल नहीं हुए हैं, लेकिन आपने उन्हें मौका ही नहीं दिया। यह अच्छी कहानी नहीं है। मैं समझ सकता हूं कि अगर आपको उसकी तकनीक या खेलने के तरीके पर भरोसा नहीं है, तो शायद वह वहां रन नहीं बना पाएगा, तो आपको फैसला लेना होगा। फिर उसे इंडिया ए के साथ भी मत भेजिए, क्योंकि आपके पास पहले से ही एक धारणा है।



आकाश ने कहा, अगर आपको लगता है कि वह रन बना सकता है और इसीलिए उसे इंडिया ए टीम में चुना गया है, तो उसे इंडिया टेस्ट टीम में भी खिलाइए। उसने क्या गलत किया है? उसने बेंगलुरु में शतक बनाया। फिर वह दो मैचों में विफल रहा, लेकिन उन मैचों में किसी और ने भी तो रन नहीं बनाए। उसने ऑस्ट्रेलिया में एक भी मैच नहीं खेला। वहीं सरफराज को टेस्ट टीम से बाहर करने पर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने तर्क दिया था, कभी-कभी आपको सिर्फ अच्छे फैसले लेने होते हैं।

# डब्लयूटीसी जीतने के बाद भी दक्षिण अफीका रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं पहुंच पायी



जोहांसबर्ग । दक्षिण अफीकी टीम की टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल खिताब जीतने के बाद भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर नहीं पहुंच पायी है। वहीं डब्लयूटीसी फाइनल में हारी ऑस्ट्रेलियाई टीम अब ताजा जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफीकी टीम 114 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि 123 रेटिंग अंकों के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर बरकरार है। इंग्लैंड की टीम 113 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंची है। वहीं भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से सीरीज हारने के कारण चौथे स्थान पर खिसक गयी है। भारतीय टीम 20 जून से शुभमन गिल की कप्तानी में इंग्लैंड टीम से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी ,इसमें जीत से वह अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहेगी। न्यूजीलैंड आईसीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। वहीं श्रीलंका की टीम छठे और पाकिस्तान की टीम सातवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज की टीम इस समय 8वें नंबर पर बनी हुई है जबकि बांग्लादेश 9वें स्थान पर है। आयरलैंड की टीम 10वें पायदान पर है ।

# बीसीसीआई ने यात्रा नीति में किया बदलाव, अब हर दिन दिये जाएंगे 10 हजार रुपये

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी यात्रा नीति को सरल बनाया है। बीसीसीआई की मौजूदा यात्रा नीति के अनुसार कर्मचारियों को छोटी अवधि की यात्रा (चार दिन तक) के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं से संबंधित लंबी अवधि की यात्रा के लिए प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाता रहा है। हालांकि, अब इसमें बदलाव किया गया है। यात्रा के दौरान एकमुश्त आकस्मिक भत्ता 7500 रुपये था पर अब आकस्मिक भत्ते को हटा दिया गया है और कर्मचारियों को अब यात्रा के दौरान प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। आईपीएल का आयोजन दो महीने से कुछ अधिक समय तक होता है, जबकि आईसीसी प्रतियोगिता भी कम से कम एक महीने तक चलती है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा है कि कटौती यानी टीडीएस के बाद प्रतिदिन भत्ता 6500 रुपये होता है। नीति में संशोधन किया जा रहा था इसलिए वित्त, संचालन और मीडिया विभाग सहित बीसीसीआई के कर्मचारियों को आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के लिए उनके दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है, लेकिन अब जब नीति तैयार हो गई है तो उनके बकाए का भुगतान जल्द ही किया जाना चाहिए। सूत्र ने कहा, ''भत्तों के संदर्भ में एक स्पष्ट नीति की आवश्यकता थी, क्योंकि कुछ कर्मचारी टूर्नामेंट के दौरान मुंबई मुख्यालय से संचालन करते हुए भी भत्ते का दावा कर रहे थे। अब जब यह तैयार हो गई है तो बकाए का भुगतान जल्द ही किया जाएगा।'' अधिक स्पष्टता के लिए एक कर्मचारी जो पूरे 70 दिवसीय आईपीएल के लिए यात्रा कर रहा है वह 10,000 रुपये के दैनिक भत्ते के लिए पात्र होगा, जिसमें कुल दावा राशि सात लाख रुपये होगी।

# शुभमन के लिए फायदेमंद होंगे अर्शदीप : पोंटिंग

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि इंग्लैंड दौरे में भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अच्छी गेंदबाज करेंगे। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज का पहला मैच 20 जून को हेडिंग्ले में खेला जाएगा। अर्शदीप ने अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है पर टी20 मैचों में उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। बांए हाथ का गेंदबाज होना भी उन्हें अतिरिक्त लाभ देता है। इसी कारण उन्हें इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

आईपीएल में पंजाब किंग्स के कोच पोंटिंग ने कहा कि उन्होंगे लीग के दौरान इस तेज गेंदबाज के स्तर को देखा है। अर्शदीप के काम करने के तरीके और तकनीकी ताकत पर भरोसा व्यक्ति किया है। उन्होंने कहा कि वह इस दौरे में नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए फायदेमंद गेंदबाज साबित होंगे। पोंटिंग ने कहा, मुझे उसे अच्छी तरह से जानने का अवसर मिला है। वह टीम के लिए एक शानदार खिलाड़ी है। वह टीम के साथ बहुत शांत रहता है, जो कि उसकी विशेषता है। यही बात हम सभी को पसंद है। जैसे ही दूसरे दिन टीम की घोषणा हुई, टेस्ट टीम, मैंने अपनी टीम बैठक में सबसे पहले यह तय किया कि मैं सबके सामने अर्शदीप को चुने जाने की बात स्वीकार करूं और सबके सामने उसे बधाई दूं। मुझे लगता है कि यह उसका अधिकार है। मुझे लगता है कि वह इंग्लैंड में भी अच्छी गेंदबाजी करेगा। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने जसप्रीत बुमराह के सभी पांच टेस्ट मैचों के लिए अनुपलब्ध होने की संभावना के संकेत दिए हैं। ऐसे में अर्शदीप पर और अधिक जिम्मेदारी आ जाएगी। पोंटिंग ने कहा, मुझे लगता है कि ड्यूक्स गेंद उनके लिए इंग्लैंड में भी सहायक रहेगी। मुझे लगता है कि बाएं हाथ का गेंदबाज होना भी अंतर पैदा करता है। पोंटिंग ने पिछले साल काउंटी क्रिकेट में इस गेंदबाज के कार्यकाल पर जोर दिया। पिछले साल काउंटी चैंपियनशिप के दौरान केंट का प्रतिनिधित्व करते हुए अर्शदीप ने पांच डिवीजन 1 खेलों में 13 विकेट लिए थे।, जिसमें 3/58 का आंकड़ा उनका सर्वश्रेष्ठ रहा।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज पर माइकल क्लार्क की बड़ी भविष्यवाणी, यह टीम 3-2 से जीतेगी

**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज से पहले बड़ी भविष्यवाणी की हैं। क्लार्क के मुताबिक 20 जून से शुरू होने जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को भारत 3-2 से अपने नाम करेगा।

क्लार्क ने एक इंटरव्यू में कहा, 'यह 3-2 से होने जा रही है। मैं भारत के साथ जाऊंगा। मैं लॉर्ड्स टेस्ट देखने जा रहा हूं। मैं भारत को खेलते हुए देखने जा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि वे 3-2 से जीतें।' उन्होंने आगे कहा, 'खैर, हां, मैं उन्हें एक मौका देता हूं, लेकिन यह उस टीम (इंग्लैंड) से कहीं ज़्यादा अनुभवहीन है जिसकी मुझे इंग्लैंड जाने वाली फ्लाइट में होने की उम्मीद थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली का न होना बहुत बड़ी बात है। खिलाड़ी आते हैं, खिलाड़ी जाते हैं, लोग रिटायर होते हैं और खेल आगे बढ़ता है। तो इसका मतलब यह नहीं है कि नया कप्तान भारत के लिए सबसे बुरी बात है। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं। कोई रिटायर होता है, और इससे किसी और को मौका मिलता है।'



इंग्लैंड और भारत हेडिंग्ले (लीड्स), एजबेस्टन (बर्मिंघम), लॉर्ड्स (लंदन), ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) और द ओवल (लंदन) में टेस्ट सीरीज खेलेंगे। टेस्ट प्रारूप में भारत के लिए एक नया युग शुरू हो रहा है क्योंकि आधुनिक समय की दिग्गज टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बिना अपने पहले दौरे और सीरीज के लिए तैयार है। भारत के सबसे युवा टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने देश को सफलता की ओर ले जाने और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप गदा के लिए चुनौती देने के लिए रोहित से कमान संभाली है।

# 5वां केयर्न्स कप शतरंज : फिर जीती हंपी और हरिका सयुंक्त बढ़त बनाई




सेंट लुइस। यूएसए में चल रही दुनिया की सबसे मज़बूत महिला प्रतियोगिताओं में से एक केयर्न्स कप के चौथे राउंड में भारत की दोनों महिला खिलाड़ी विश्व रैपिड चैम्पियन कोनेरु हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली नें एक बार फिर से जीत दर्ज करते हुए खुद को पुनः सयुंक्त बढ़त में शामिल कर लिया है । हम्पी नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए कजक्स्तान की बीबीसारा के खिलाफ सेमी स्लाव ओपनिंग में शुरुआत से दबाव बनाया और मात्र 35 चालों में अपनी जीत सुनिश्चित की । इस जीत के साथ हम्पी लाइव रैंकिंग में एक बार फिर 2550 के पार पहुँच गयी है । हरिका द्रोणावल्ली की दूसरी जीत जॉर्जिया की नंबर एक खिलाड़ी नाना दगनिडजे के खिलाफ आई और उन्होने काले मोहरो से खेलते हुए कुईं पान ओपनिंग में हाथी और ऊंट के एंडगेम में 47 चालों में जीत दर्ज की । वहीं उक्रेन की मारिया मुजयचूक नें आखिरकार अपनी पहली जीत दर्ज की , सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए उन्होने यूएसए की यिप करिसा को पराजित किया , अन्य दो मुकाबलों में पोलैंड की अलिना कश्लिंस्कया नें जॉर्जिया की नीनों बत्स्ध्लिी से और लगातार दो जीत से शुरुआत करने वाली यूएसए की ली एलिस नें चीन की तान ज़्होंगाई से ड्रॉ खेला । चार राउंड के बाद हम्पी , हरिका और एलिस 3 अंक बनाकर सबसे आगे चल रही है ।

# लुईस की आक्रामक पारी से वेस्टइंडीज ने आयरलैंउ को हराया

जमैका । वेस्टइंडीज ने एक रोमांचक टी20 मुकाबले में आयरलैंड को हरा दिया। इस मैच में वेस्टइंडीज की जीत के हीरो एविन लुईस रहे जिन्होंने 44 गेंद में 91 रन बनाये। वहीं आयरलैंड की हार का कारण लियाम मैकार्थी का ओवर रहा जिसमें मैकार्थी ने 4 ओवर में 81 रन दे दिये। इस प्रकार मैकार्थी अपने डेब्यू मैच में ही सबसे महंगे गेंदबाजी बने हैं। वेस्टइंडीज ने इस मैच में आयरलैंड को 62 रन के बड़े अंतर से हराया। इस मैच में आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी शुरु की। उसका ये फैसला गलत रहा। वेस्टइंडीज ने 5 विकेट पर 256 रन का बड़ा स्कोर बना लिया। लुईस ने सबसे अधिक 91 रन की पारी खेली। इस बल्लेबाज ने इस पारी में 7 चौके और 8 छक्के लगाए और उसका स्ट्राइक रेट 206.81 रहा। कप्तान शेई होप ने 27 गेंद में 51 रन बनाए। पहला मैच खेल रहे केसी कार्टी ने भी 49 रन बनाये। रोमारियो शेफर्ड ने 6 गेंद में 3 छक्कों की मदद से 19 रन बनाए। आयरलैंड के तेज गेंदबाज मैकार्थी ने चार ओवर में ही 81 रन दे दिये। इसके साथ ही वह टी20 क्रिकेट में मूसा जोबार्टे गाम्बिया के बाद दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज बन गए हैं। मूसा ने पिछले साल जिम्बाब्वे के खिलाफ 4 ओवर में 93 रन लुटा दिये थे। वेस्टइंडीज से मिले कठिन लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम लड़खड़ा गयी। रॉस अडायर ने 48, हैरी टेक्टर ने 38 और मार्क अडायर ने 31 रन बनाये पर ये पर्याप्त नहीं रहा। पूरी आयरिश टीम निर्धारित 20 ओवर में 194 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने सबसे अधिक 3 विकेट जबकि जेसन होल्डर ने दो विकेट लिए।




# श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए घोषित की टीम, तीन नये खिलाड़ी शामिल

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने इस माह के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम टीम घोषित कर दी है। इस सीरीज से दोनो ही टीमों के नए टेस्ट चैंपियनशिप सर्किल 2025 से 2027 सत्र की शुरुआत होगी। दो मैचों की ये टेस्ट सीरीज 17 जून से शुरु होगी और इसका पहला मुकाबला गाले में खेला जाएगा। इसमें श्रीलंकाई टीम की कप्तानी धनंजय डी सिल्वा टीम करेंगे। वहीं अनुभवी बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज अंतिम बार श्रीलंका की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में खेलते हुए नजर आयेंगे। इसके अलावा पसिंदु सूरियाबंडारा, पवन रत्नायके और इसिथा विजेसुंदरा नए चेहरे हैं, जो टेस्ट डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले लाहिरु उदारा और सोनल दिनुषा को भी टीम में जगह मिली है। वहीं अनुभवी खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा को चुना गया है हालांकि वह चोट के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। पहले टेस्ट मैच में सबकी नजरें पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज पर रहेगी। यह उनके टेस्ट करियर का अंतिम मुकाबला होगा। मैथ्यूज ने 2009 में गाले में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और वह श्रीलंका की सफेद जर्सी में उसी स्थान पर संन्यास लेंगे। वहीं बांग्लादेश ने इस महीने की शुरुआत में अपनी टीम की घोषणा की थी जिसमें नजमुल हुसैन शांतो नए डब्ल्यूटीसी चक्र में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। बांग्लादेश की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच गाले में 17 जून से 21 जून के बीच खेलेगी। इसके बाद दोनों टीमें दूसरा टेस्ट के लिए कोलंबो में आमने सामने होंगी। यह मुकाबला 25 जून से 29 जून के बीच खेला जाना है।

श्रीलंका टीम- धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), पथुम निसांका, ओशादा फर्नांडो, लाहिरु उदारा, दिनेश चांदीमल, एंजेलो मैथ्यूज, कुसल मेंडिस, कमिंदु मेंडिस, पसिंदु सूरियाबंडारा, सोनल दिनुषा, पवन रत्नायके, प्रभात जयसूर्या, थारिंदु रत्नायके, अकिला धनंजय, मिलन रत्नायके, असिथा फर्नांडो, कसुन रजिता, इसिथा विजेसुंदरा।

# भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज से पहले करुण नायर का खुलासा, बड़े खिलाड़ी ने संन्यास लेने की सलाह दी थी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार हैं। नायर को घरेलू क्रिकेट में रन बनाने का इनाम मिला है। लेकिन 33 वर्षीय खिलाड़ी के लिए वापसी का रास्ता बहुत कठिन और भावनात्मक था और एक समय तो भारत के एक बड़े खिलाड़ी ने उन्हें संन्यास लेकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खेलने की सलाह तक दे डाली थी। इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट से पूर्व नायर ने अपने जीवन के सबसे कठिन समय को याद किया।

नायर ने कहा, 'मेरी पत्नी ने कहा कि तुम क्या कर रहे हो, लेकिन मैंने उससे कहा कि मैं कैसा महसूस कर रहा हूं। वह शायद मेरे जीवन का सबसे कठिन क्षण था। ऐसा लगा कि मेरी दुनिया खत्म हो गई है। मुझे नहीं पता था कि आगे क्या करना है। मैं खुद से पूछ रहा था कि मुझे क्या करना चाहिए? मेरा एक परिवार है और मेरे बेटे का हाल ही में जन्म हुआ है। नायर भावुक हो गए।'

करुण ने एक रिपोर्ट में कहा, 'मुझे अभी भी याद है कि एक प्रमुख भारतीय क्रिकेटर ने मुझे फोन किया और कहा कि आपको संन्यास ले लेना चाहिए क्योंकि इन लीगों में मिलने वाला पैसा मुझे सुरक्षित बनाएगा। ऐसा करना आसान होता, लेकिन मुझे पता था कि पैसे के बावजूद मैं इतनी आसानी से संन्यास लेने के लिए खुद को कोसता।'

इसके बाद नायर ने ट्वीट करते हुए एक और मौका मिलने की बात कही थी। उन्होंने ट्वीट किया, 'प्रिय क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो।' यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फिर नायर को विदर्भ में शामिल किया गया जहां उन्होंने अपने करियर को बदल दिया।

वास्तविकता से निपटने के लिए संघर्ष करते हुए नायर अपनी पत्नी के जन्मदिन पर रो पड़े। उन्होंने कहा, 'मैं भारत के लिए दोबारा खेलना कभी नहीं छोड़ने वाला था। यह दो साल पहले की बात है और देखिए कि हम अब कहां हैं। यह पागलपन है, लेकिन अंदर से मुझे पता था कि मैं काफी अच्छा हूं।'

करुण नायर ने आगे कहा कि वह मैचों की संख्या या दीर्घकालिक योजनाओं पर ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, 'अब जो मायने रखता है वह यह है कि मैं फिर से भारतीय टीम की कैप पहनने का आनंद उठा पाऊं। इससे पहले मैं अपने मौकों का पूरा फायदा नहीं उठा पाया था। इस बार मैं एक बार में एक मैच में अपना पूरा योगदान देना चाहता हूं।'



# सोलर सेक्टर में काम करेगी कंपनी, कल रहेगी निवेशकों की नजर, 45 पैसे का है शेयर

**मुंबई।** पेनी स्टॉक केबीसी ग्लोबल के शेयर कल सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में रह सकते हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 2 प्रतिशत से अधिक टूट गए और 0.45 रुपये पर पहुंच गए थे। दरअसल, कंपनी ने एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की घोषणा की है। यह सहायक कंपनी सोलर एनर्जी और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में काम करेगी, जिससे इस क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

## क्या है डिटेल

नासिक स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर और ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) सेवा फर्म ने 14 जून को घोषणा की कि उसने रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में अपने विस्तार के हिस्से के रूप में एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया है। केबीसी ग्लोबल ने कहा,बोर्ड मेंबर ने 13 जून, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में इस कदम को मंजूरी दे दी।



नई कंपनी सौर और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो स्थिरता और हरित प्रौद्योगिकी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप होगी। कंपनी ने आगे बताया कि धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड रिन्यूएबल एनर्जी मॉड्यूल, सेल और सहायक उपकरण के निर्माण, डिजाइन, विकास और सुधार सहित कई तरह की गतिविधियों में शामिल होगी। इसमें अनुसंधान, व्यापार, खरीद, बिक्री, थोक बिक्री, खुदरा बिक्री, वितरण, आयात, निर्यात, संयोजन, निर्माण, मरम्मत, रखरखाव, परिवर्तन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं और हाइब्रिड सिस्टम का संचालन शामिल है जो सौर फोटोवोल्टिक प्रौद्योगिकी को अक्षय ऊर्जा के अन्य रूपों के साथ जोड़ते हैं - जिसका उद्देश्य सोलर एनर्जी परियोजनाओं के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करना है। कंपनी बुनियादी ढांचे और ईपीसी परियोजनाओं पर फोकस करने और बाजार में अपने ब्रांड को फिर से स्थापित करने के लिए रणनीतिक बदलाव के हिस्से के रूप में केबीसी ग्लोबल लिमिटेड से धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड में रीब्रांडिंग कर रही है। फरवरी 2024 में, निदेशक मंडल ने 260 करोड़ के ऑर्डर बुक साइज के साथ शेयरधारकों को 1:1 बोनस शेयर जारी करने को मंजूरी दी।

## केबीसी ग्लोबल शेयर

जून में अब तक पेनी स्टॉक में लगभग 22 प्रतिशत की उछाल आई है और ऐसा लगता है कि यह सात महीने की गिरावट के अपने सिलसिले को तोड़ने वाला है। पिछले साल भर में, स्टॉक में 50 प्रतिशत की गिरावट आई है, पिछले साल 7 नवंबर को 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 1.28 और इस साल 13 मई को 52-सप्ताह के निम्नतम स्तर 0.34 पर पहुंच गया।

# निवेशकों को तगड़ा झटका !

## एसबीआई ने इस एफडी की ब्याज दर पर चलाई कैंची



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अमृत वृष्टि स्पेशल एफडी स्कीम पर ब्याज दरों में कटौती कर दी है, जिससे फिक्स्ड डिपॉजिट करने वाले निवेशकों को झटका लगा है। नई ब्याज दरें 15 जून 2025 से लागू होंगी। हालांकि, अन्य सामान्य एफडी योजनाओं की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## कितना घटा ब्याज

अमृत वृष्टि योजना में 444 दिनों की अवधि के लिए अब ब्याज दर 6.85 प्रतिशत से घटाकर 6.60 प्रतिशत कर दी गई है। यह कटौती 25 बेसिस प्वाइंट की गई है।

**सीनियर और सुपर सीनियर सिटीजन के लिए क्या है नई दर-** सीनियर सिटीजन (60 वर्ष या उससे अधिक) को अब 7.10 प्रतिशत सालाना ब्याज मिलेगा। सुपर सीनियर सिटीजन (80 वर्ष या उससे अधिक) को 7.20 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जिसमें 10 बीपीएस का अतिरिक्त लाभ शामिल है।

**समय से पहले एफडी तोड़ने पर पेनल्टी-** 5 लाख रुपए तक की एफडी- समय से पहले तोड़ने पर 0.50 प्रतिशत जुर्माना। 5 लाख से 3 करोड़ रुपए तक की एफडी- तोड़ने पर 1 प्रतिशत जुर्माना।

## ब्याज दरों में कटौती का कारण

हाल ही में आरबीआई की जून नीति बैठक में रेपो रेट में 50 बीपीएस की कटौती की गई थी।

# स्पाइसजेट का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में तीन गुना होकर 325 करोड़ रुपए पर

**मुंबई, एजेंसी।** किफायती एयरलाइंस स्पाइसजेट ने शनिवार को कहा कि बीते वित्त वर्ष की मार्च 2025 तिमाही में उसका कर पश्चात एकल मुनाफा लगभग तीन गुना होकर 324.87 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एयरलाइन ने शेयर बाजार को बताया कि 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध




लाभ 119 करोड़ रुपए था। स्पाइसजेट ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 16 प्रतिशत घटकर 1,446.37 करोड़ रुपए रह गया, जो 2023-24 की चौथी तिमाही में 1,719.3 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2024-25 में स्पाइसजेट का घाटा सालाना आधार पर 409 करोड़ रुपए से बढ़कर 580.74 करोड़ रुपए हो गया। इस अवधि में परिचालन राजस्व 25 प्रतिशत घटकर 5,284 करोड़ रुपए रह गया।

# कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर, नेट प्रॉफिट में 316 प्रतिशत उछाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मार्ट मीटरिंग कंपनी जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में बीते कुछ सालों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। इस कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का वर्क ऑर्डर है। अगले 3 से 4 महीने में तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक और वेस्ट बंगाल में 27,300 करोड़ रुपये का टेंडर खुलने जा रहा है। बता दें, इस कंपनी के प्रदर्शन को लेकर 2-2 एक्सपर्ट्स बुलिश हैं। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों पर नजर रखने वाले 2 एक्सपर्ट्स ने रेटिंग दी है। दोनों ब्रोकर ने इस स्टॉक को ब्रब्ब टैग दिया है। बता दें, इस कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी मजबूत है।

**कंपनी का रेवन्यू कितना रहा है-** जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रेवन्यू मार्च तिमाही के दौरान 937 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 420 करोड़ रुपये रहा था। यानी रेवन्यू के मोर्चे पर 123.10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 316.13 प्रतिशत बढ़ा है। जोकि एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 31 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 129 करोड़ रुपये रहा था।

## शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन बीते एक साल में कैसा रहा

शुक्रवार को जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयर 3.88 प्रतिशत की गिरावट के बाद 370.30 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। महज एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 12 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है। वहीं, 2 साल में कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 256 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, बीते 5 साल में इस कंपनी ने 1833 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।



# पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड (कंपनी), जो विभिन्न क्षेत्रों के निर्माताओं के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोटिक लाइनों और कस्टम ऑटोमेशन सॉल्यूशंस का डिज़ाइन और निर्माण करती है, अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश सोमवार, 16 जून 2025 को लॉन्च करने जा रही है। कंपनी इस इश्यू के माध्यम से 69.61 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड के अनुसार) जुटाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे।

इस इश्यू के तहत कंपनी 58,00,800 इक्विटी शेयर 10 के फेस वैल्यू पर, प्राइस बैंड 114 से 120 प्रति शेयर के बीच जारी करेगी।

आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया जाएगा- नई विनिर्माण सुविधा की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय, कंपनी द्वारा लिए गए कुछ ऋणों का पुनर्भुगतान, और सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताएं।

इस इश्यू के लिए एंकर निवेश की प्रक्रिया 13 जून 2025 को खुलेगी और इश्यू 18 जून 2025 को बंद होगा।

पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री मनोज पाटिल ने कहा, इस पब्लिक ऑफरिंग के साथ हम अपनी विकास यात्रा में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य पटिल ऑटोमेशन को कस्टमाइज़्ड इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स के अग्रणी प्रदाता के रूप में और मजबूत करना है। हमने उच्च गुणवत्ता वाले, विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑटोमेशन सिस्टम लगातार डिलीवर कर देश के प्रमुख आइएमएस और कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स के साथ मजबूत साझेदारियाँ विकसित की हैं। आज हम 10 राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति और लगातार मिल रहे रिपीट ऑर्डर्स के माध्यम से अपने समाधान की विश्वसनीयता और ग्राहक प्रतिबद्धता को सिद्ध कर चुके हैं। यह आगामी आईपीओ हमारे दीर्घकालिक विज़न का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे प्राप्त पूंजी का उपयोग हम एक नई मैन्युफैक्चरिंग सुविधा की स्थापना के लिए करेंगे, जिससे हम विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन और डिफेंस सेगमेंट में बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे। साथ ही, यह हमारे भविष्य के विकास को वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा।


श्री गौतम लाठ, निदेशक, सीरीन कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमें पाटील ऑटोमेशन लिमिटेड के आईपीओ में लीड मैनेजर के रूप में जुड़कर खुशी हो रही है। कंपनी ने औद्योगिक ऑटोमेशन क्षेत्र में ओईएम और कंपोनेंट निर्माताओं के लिए व्यावहारिक और कस्टमाइज्ड समाधान प्रदान करते हुए एक मजबूत पहचान बनाई है।

उद्योगों में बढ़ती दक्षता और तकनीक अपनाने पर जोर के साथ ऑटोमेशन की मांग लगातार बढ़ रही है। पाटील ऑटोमेशन अपनी वर्तमान क्षमताओं और अनुभव के साथ इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हमें विश्वास है कि इस आईपीओ से मिलने वाली राशि कंपनी को अपने विनिर्माण ढांचे के विस्तार और नए उभरते क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने में सहायता करेगी।

# अमेजन के जेफ बेजोस की जगह इस बिजनेसमैन ने ली

## बने दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति, 1 दिन में 26 बिलियन जोड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रह गए। लैरी एलिसन ने गुरुवार को अपने नेटवर्थ में 26 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। जोकि किसी भी अरबपति के द्वारा एक दिन में जोड़ा गया सबसे अधिक पैसा है। जिसके बाद 12 जून को उनकी नेट वर्थ 243 बिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, अमेजन के चेयरमैन जेफ बेजोस की नेटवर्थ 227 बिलियन डॉलर है। बता दें, जेफ बेजोस ने 8 साल के बाद अरबपतियों की लिस्ट में दूसरे स्थान को गंवाया है। जेफ बेजोस इस समय मेटा के चेयरमैन मार्क जुकरबर्ग (239 बिलियन) से भी पिछड़ गए हैं। बता दें, अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान पर इस समय भी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क काबिज हैं। उनकी नेटवर्थ 407 बिलियन



डॉलर है। एलिसन की संपत्ति में इजाफा ओरेकल के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ है। मई में समाप्त हुए तिमाही में ओरेकल का नेट प्रॉफिट और रेवन्यू मार्केट के अनुमान के मुताबिक रहा है। जिसकी वजह कंपनी के शेयरों का भाव पहली बार 200 डॉलर को क्रॉस कर गया। जिसका फायदा एलिसन को भी मिला है। फॉर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ओरेकल के शेयरों की कीमतों में बुधवार को 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। कंपनी की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार अर्निंग पर शेयर 1.70 डॉलर पहुंच गया है। वहीं, सेल्स 15.9 बिलियन डॉलर रहा है।

**जेफ बेजोस कब बने थे दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति-** अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 2017 में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनका नेटवर्थ 75.6 बिलियन डॉलर पहुंच गया था।

# 5 टुकड़ों में बंट जाएगा स्मॉल कैप स्टॉक, रिकॉर्ड डेट इसी महीने, कीमत 50 रुपये से कम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक का भाव 50 रुपये से कम का है। आइए विस्तार से जानते हैं इस स्टॉक के विषय में -

**10 टुकड़ों में बांटा जाएगा-** लड्डू गोपाल ऑनलाइन सर्विसेज के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया गया है। 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर की फेस वैल्यू 5 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने 24 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन कंपनी के शेयरों का 5 हिस्सों में बंटवारा हो जाएगा।




**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा रहा-** शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 21.40 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। बीते एक महीने के दौरन कंपनी के शेयरों की कीमतों में 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों का भाव 12.22 नीचे गिरा है। सेंसेक्स इंडेक्स में इस दौरान 5.61 प्रतिशत की उछाल देखन को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 26.72 रुपये और 52 वीक लो लेवल 11.96 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 57.69 करोड़ रुपये का है। 2 साल

# आकाश भोपाल के ठाकुर आर्यमन सिंह की नीट यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 568

**भोपाल।** देशभर में परीक्षा की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि भोपाल शाखा के 5 छात्रों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष रैंक प्राप्त की है।

यह उत्कृष्ट उपलब्धि छात्रों की निष्ठा, शैक्षणिक अनुशासन और एइएसएल द्वारा प्रदान किए गए विश्वस्तरीय कोचिंग और मार्गदर्शन का परिणाम है। परीक्षा परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। भोपाल शाखा के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र हैं- ठाकुर आर्यमन सिंह - ऑल इंडिया रैंक 568 विशिष्ठा यादव एआइआर 1709, आस्था चौधरी एआइआर 2519, अनुष्ठा सिंह एआइआर 2629, मनमीत कौर मोंगा एआइआर 2900, ये छात्र एइएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एइएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, स्पष्ट वैचारिक समझ और नियमित एवं अनुशासित अध्ययन पद्धति को दिया। छात्रों ने कहा-हम आकाश के बेहद आभारी हैं, जिन्होंने हमारी इस यात्रा में हर कदम पर मार्गदर्शन किया। संगठित पाठ्यक्रम, विशेषज्ञ शिक्षकों की टीम और व्यक्तिगत मेंटरशिप ने जटिल विषयों को समझना आसान बना दिया।

एइएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। एइएसएल के चीफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. एच.आर. राव ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा- नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की उत्कृष्ट सफलता पर हमें अत्यधिक गर्व है। इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना कोई साधारण बात नहीं है, विशेष रूप से तब जब इसमें देशभर से लाखों छात्र भाग लेते हैं। यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत और दृढ़ संकल्प का, बल्कि उनके अभिभावकों के सहयोग और हमारी अकादमिक टीम की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण हैं। हम इन सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

# 800 प्रतिशत रिटर्न देने वाले स्टॉक को 5 हिस्सों में हो रहा बंटवारा

## 69.30 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में कंपनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जाएगा। कंपनी वारेंट्स के जरिए 69.30 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। कंपनी ने ईजीएम आज 11 जुलाई 2025 को होगी। इसी में अप्रूवल किया जाएगा। आइए डीटेल्स में जानते हैं -

**5 हिस्सों में बंट रहा है स्टॉक -** केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का बंटवारा 5 हिस्सों में किया जा रहा है। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगा। कंपनी ने अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। जल्द ही कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया जाएगा।



**2018 में कंपनी ने दिया था बोनस शेयर-** केलटॉन टेक सॉल्यूशंस ने 2018 में निवेशकों को बोनस शेयर दिया था। कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था। 2021 में इस कंपनी ने बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 25 पैसे का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजार में बीता एक साल कैसा रहा है-** शुक्रवार को केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों का भाव 2.57 प्रतिशत की गिरावट के बाद 130.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था बीते एक हफ्ते में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 8.96 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों को होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 28 प्रतिशत का फायदा हुआ है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 5.61 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक हाई 184.30 रुपये और 52 वीक लो लेवल 95.05 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 1274.51 करोड़ रुपये का है।

5 साल में केलटॉन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों की कीमतों में 800 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 206 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।



# हैवी वेट लिफ्टिंग में सक्षम होने से ज़्यादा सशक्त कोई एहसास नहीं है

फ़िटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ कभी भी अपनी सच्चाई बताने से पीछे नहीं हटती हैं, और जब फ़िटनेस की बात आती है, तो वेट ट्रेनिंग के प्रति उनका जुनून सबसे आगे नज़र आता है। फिटनेस की शौकीन कृष्णा का मानना है कि वेट ट्रेनिंग शरीर को तराशने का सबसे प्रभावी तरीका है, जिससे व्यक्ति खुद को ठीक वैसा आकार दे सकता है जैसा वह चाहता है। मेरा जुनून हमेशा से वेट ट्रेनिंग रहा है। मेरा मानना है कि वेट्स उठाना आपके शरीर को आकार देने का एक अच्छा तरीका है, चाहे आप खुद को आकार देना चाहें, वह स्पष्ट रूप से स्वीकार करती हैं कि पारंपरिक कार्डियो वर्कआउट की तुलना में वेट ट्रेनिंग ज़्यादा पसंद है। कृष्णा के लिए जिम सिर्फ़ शारीरिक बदलाव के बारे में नहीं है, यह उस शक्ति की खोज के बारे में है जो हैवी वेट उठाने के बाद आती है। कृष्णा के लिए स्ट्रेंथ ट्रेनिंग की लत सिर्फ शरीर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा अनुभव है जो शरीर और मन दोनों को एक साथ बदलता है। वह कहती हैं, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सच में लत बना देती है। यह सिर्फ़ हफ़्ते-दर-हफ़्ते शारीरिक प्रगति नहीं दिखाती, बल्कि यह मानसिक रूप से भी बहुत कुछ बदलती है और आत्मविश्वास को नई ऊँचाइयों तक ले जाती है। शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कृष्णा श्रॉफ अपने आत्मविश्वास और आत्म-छवि में आए बदलाव का श्रेय वेट ट्रेनिंग को देती हैं। वह कहती हैं, मुझे लगता है कि जिम जाना, खास तौर पर वेट ट्रेनिंग, ने मुझे आत्मविश्वास की एक नई भावना दी है जो बचपन में मेरे पास नहीं थी। उनका यह ईमानदार स्वीकार इस बात का प्रमाण है कि कृष्णा के लिए फिटनेस सिर्फ़ एक शौक से कहीं बढ़कर बन गई है। यह आत्म-खोज और सशक्तिकरण का एक साधन रहा है जो आज भी उन्हें आकार दे रहा है।



## निकिता रॉय का ट्रेलर रिलीज

# डरावनी ताकतों का मुकाबला करती दिखीं सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' का ट्रेलर दर्शकों के रोंगटे खड़े करने के लिए काफी है। इस ट्रेलर में सोनाक्षी शैतान, भूत-प्रेत यानी सुपरनेचुरल ताकतों का सामने करती हुई दिखीं। फिल्म में परेश रावल भी एक अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा फिल्म 'निकिता रॉय' में एक जासूस की भूमिका में दिख रही हैं। निकिता का मकसद एक गुरु (परेश रावल) का पर्दाफाश करना है, जो लोगों को भूत-प्रेतों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है।। फिल्म में अर्जुन रामपाल भी हैं, जो निकिता को गाइड करते हैं। इन सब बातों के बीच कुछ डरावने दृश्य सामने आते हैं, जिसमें शैतान और भूत-प्रेतों की झलक मिलती है। इन ताकतों का और उस गुरु यानी परेश रावल के किरदार का मुकाबला निकिता रॉय कैसे करेगी? यही फिल्म में दिखाया जाएगा। निकिता रॉय के रोल में सोनाक्षी काफी जम रही हैं। वहीं ट्रेलर में परेश रावल अपनी एक्टिंग से डर का माहौल बनाने में पूरी तरह से कामयाब नजर आते हैं। उनके डायलॉग भी काफी दमदार हैं।

### रिलीज की तारीख भी आई सामने

सोनाक्षी सिन्हा की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म 'निकिता रॉय' की रिलीज डेट भी ट्रेलर के साथ साझा की गई है। यह फिल्म 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक कुश एस सिन्हा हैं। फिल्म को निक्की खेमचंद भगनानी ने प्रोड्यूस किया है।


तीन साल बार बड़े पर्दे पर सोनाक्षी की वापसी

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'डबल एक्सएल' साल 2022 में थिएटर में रिलीज हुई। फिर 'काकुड़ा' में वह दिखीं लेकिन यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। इस तरह देखा जाए तो बड़े पर्दे यानी सिनेमाघरों में तीन साल के बाद सोनाक्षी सिन्हा की कोई फिल्म रिलीज होगी



# रणबीर की 'रामायण' में इस भूमिका के लिए प्रियंका चोपड़ा थीं पहली पसंद इस वजह से बिगड़ी बात

नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि, बीते दिनों फिल्म की स्टारकास्ट के फाइनल होने की खबरें आईं, जिसमें रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश और सनी देओल समेत एक भारी भरकम स्टारकास्ट नजर आ रही है। अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा होने वाली थीं। मेकर्स ने प्रियंका से एक अहम किरदार के लिए संपर्क किया था। जानिए कौनसा था वो किरदार और क्यों अटक गई बात। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने ई-टाइम्स को बताया कि इस एपिक माइथोलॉजी में मेकर्स अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को भी लेना चाहते थे। इसके लिए मेकर्स ने प्रियंका से संपर्क भी किया था। जानकारी के मुताबिक, मेकर्स प्रियंका को सूर्पनखा के किरदार में कास्ट करना चाहते थे। जिसके लिए मेकर्स ने अभिनेत्री से अप्रोच किया था। मगर डेट्स के चलते प्रियंका इस किरदार को हां नहीं कह पाईं। नतीजा उनकी जगह रकुल प्रीत सिंह अब सूर्पनखा के रोल के लिए फाइनल की गई हैं।



# संन्यास लेने की अफवाहों पर अभिनेता ने दी ये प्रतिक्रिया

आमिर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में हैं। वह इसके प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि शायद फिल्म महाभारत के बाद मेरे पास करने के लिए कुछ न बचे। लोगों ने आमिर की इस बात का यह मतलब निकाला कि वह महाभारत के बाद एक्टिंग से संन्यास ले लेंगे।

### एक्टिंग से पीछे नहीं हटेंगे आमिर खान

आमिर खान ने बातचीत में कहा है कि एक्टिंग से पीछे हटने का उनका कोई प्लान नहीं है। आमिर खान ने कहा महाभारत हमारी आखिरी फिल्म नहीं होगी। अभी मामला ऐसा है कि हम कुछ भी बोलें, उसका गलत मतलब निकल आता है। मुझसे पूछा गया कि आप कोई ऐसी फिल्म करो जिसको करने के बाद आपका काम करने का मन न हो। तो वह फिल्म कौन सी होगी?

### आमिर ने कहा ध्यान से सुना करें बाते

इसके बाद आमिर ने कहा मटेरियलवाइज मुझे एक ही चीज नजर आती है कि जो फिल्म करने के बाद शायद मेरे मन में ये ख्याल उठे कि बस हो गया। मैंने उसका जवाब इस तरह दिया था। लोगों को लगा कि महाभारत मेरी आखिरी फिल्म होगी। जवाब को ठीक से सुना कीजिए।

### क्या बोले थे आमिर खान?

आपको बता दें कि आमिर खान ने हाल ही में राज शमनी के साथ अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात की थी। इसके बाद उनके संन्यास लेने की अफवाहें उड़ने लगीं। आमिर ने तब कहा था यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है कि मैं महाभारत बनाऊं, मैं इस पर सितारे जमीन पर की रिलीज के बाद काम करना शुरू कर दूंगा। मुझे लगता है कि यह ऐसा प्रोजेक्ट है, जिसको करने के बाद मुझे ये लगेगा कि अब मैं इससे अच्छा नहीं कर पाउंगा। यह फिल्म भव्य होगी। इसके बाद आमिर के संन्यास की खबरें सुर्खियों में आईं।

### आमिर खान की अगली फिल्म के बारे में


फिलहाल आमिर अपनी अपकमिंग फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में वह एक बास्केटबॉल कोच की भूमिका निभाने वाले हैं। वह दिव्यांग बच्चों को खेल सिखाते नजर आएंगे। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। फिल्म में जेनेलिया देशमुख भी हैं।

# राणा नायडू और मस्ती... दोनों चीजें कभी साथ में नहीं चल सकती

तेलुगु स्टार राणा दग्गुबाती अपने हिट स्ट्रीमिंग शो राणा नायडू के दूसरे सीजन की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। आईएएनएस से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि इस शो में उनका किरदार बहुत सारे दर्द और मानसिक तकलीफों से जुड़ा है। इंटरव्यू में राणा से पूछा कि उन्हें अपने राणा नायडू का किरदार निभाने में सबसे मजेदार चीज क्या लगी?

उन्होंने कहा, राणा नायडू और मस्ती, ये दोनों चीजें कभी साथ में नहीं चल सकतीं। यह किरदार बहुत गंभीर है। वह कई अंदरूनी तकलीफों से जूझ रहा है, जिनका जिक्र वह किसी से नहीं कर पाता। मुझे लगता है कि भारतीय पुरुषों के साथ ऐसा होता है, खासकर जो परिवार के मुखिया होते हैं या जिन पर बहुत जिम्मेदारी होती है, वे अपनी तकलीफों के बारे में किसी से बात नहीं करते। नायडू परिवार की कहानी में भी ऐसा ही कुछ दिखाया गया है, एक ऐसा परिवार जिसमें सभी लोग अपनी-अपनी अंदरूनी परेशानियों के दबाव में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, चाहे वह बाप-बेटे के बीच का झगड़ा हो, पति-पत्नी के बीच की परेशानी हो या भाई-बहनों के बीच के मतभेद हों, मुझे लगता है कि यह सब किसी न किसी पुराने दर्द से जुड़े हुए हैं। हर कोई अपने-अपने तरीके से उन तकलीफों से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है।

सीजन 1 में सिर्फ एक ऐसा परिवार था, जो बिखरा हुआ था। उनमें झगड़े, मतभेद और परेशानियां थीं। सीजन 2 में अब दो ऐसे परिवार हैं, जो आपसी तनाव और मुश्किल हालातों से जूझ रहे हैं। अभिनेता ने साझा किया, अब दो ओबेरॉय कहानी में आए हैं। आपने सोचा था कि नायडू परिवार बुरा है, लेकिन ये तो उससे भी ज्यादा बुरे हैं। अमीर लोगों की परेशानियां और भी बड़ी होती हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि अमीर लोगों की भी यही समस्याएं होती हैं। उनकी परेशानियां एक अलग तरीके से बढ़ जाती हैं, जैसे विरासत और ऐसी चीजें। इस कहानी में नागा नाम का एक किरदार है, जो इस परिवार के बीच में बार-बार दखल देता रहता है। राणा नायडू का दूसरा सीजन 13 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।





# बिना ऑडिशन दिए जयदीप को मिली थी पाताल लोक

वेब सीरीज पाताल लोक ने जयदीप अहलावत के करियर को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने इसमें हाथीराम चौधरी का किरदार अदा किया है। दिलचस्प बात यह है कि यह शानदार सीरीज एक्टर को बिना किसी ऑडिशन के मिली।

### कलाकार का खाली वक्त निराशा में नहीं जाना चाहिए

अभिनेता से पूछा गया कि 2010 से 2020 तक के सफर पर बात करें तो आप हर जगह नजर आए। बड़े-बड़े किरदार में नजर आए। लेकिन, क्या ऐसा लगा कि दिख तो रहा हूं लेकिन एक पहचान बनाना बाकी है? इस पर जयदीप अहलावत ने कहा हां बिल्कुल लगा। मैंने बहुत बड़े-बड़े डायरेक्टर्स के साथ काम किया। एक काम के बाद दूसरे काम में गैप भी बहुत ज्यादा रहा। ऐसे बहुत लंबा वक्त बीता है। लेकिन, जब आप वहां जाते हो तो यही वो पिलर हैं जहां मकान बनता है। तो मुझे लगता है कि नींव काफी मजबूत है। जयदीप ने आगे कहा, बस यही है कि जब आप खाली बैठो तो वह दौर निराशा में नहीं जाना चाहिए। खाली बैठे एक्टर को बहुत तैयारी करनी चाहिए। कई एक्टर्स ने बहुत अच्छा काम किया। फिर गायब हुए और वापस आए। ऐसे में कंसिस्टेंसी बहुत जरूरी है।

वेब सीरीज पाताल लोक ने जयदीप अहलावत के करियर को एक नए मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने इसमें हाथीराम चौधरी का किरदार अदा किया है। दिलचस्प बात यह है कि यह शानदार सीरीज एक्टर को बिना किसी ऑडिशन के मिली। दरअसल, जयदीप अहलावत 10 जून को देहरादून में आयोजित संवाद कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। यहां उन्होंने पाताल लोक को लेकर खुलासा किया।

### कैसे मिली पाताल लोक?

15 मई 2020, वह दिन जब भारत के तमाम लोग अपने घरों में थे। तब पाताल लोक रिलीज हुई और लोगों को हाथीराम चौधरी देखने को मिला। लोगों के फोन आने शुरू हुए होंगे? क्या अनुभव था? जयदीप अहलावत ने कहा, मेरे पास जब यह सीरीज आई, तो कहा गया कि आप इसके लिए हां कहो और आपका कोई ऑडिशन नहीं होगा। मुझे बहुत सरप्राइज हुआ कि मैं आठ-नौ एपिसोड की एक सीरीज करूं और मुझे जांचा-परखा भी न जाए। जिस खूबसूरती से पाताल लोक को लिखा गया, दुनिया में ऐसा कोई एक्टर नहीं जो इस स्क्रिप्ट को मना कर सकता है।

एक्टर से पूछा गया पाताल लोक के बाद क्या कोई ऐसा कॉल आया जब आपको हैरानी हुई हो? एक्टर ने कहा, उस वक्त कई दिग्गजों के फोन आए। मनोज (बाजपेयी) भाई ने मुझसे करीब 20 मिनट तक बात की। मैं रो रहा था और वो बोले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि इसे देखकर मुझे लग रहा है कि मेरी एक्टिंग की वर्कशॉप हो रही है। मुझे लगता है कि इससे सुंदर मुझे कोई क्या बोलेगा? 5 दिन के बाद बहुत बड़े-बड़े लोगों ने बधाई दी तब महसूस हुआ कि अब ये बड़ा हो गया।

# मैं शेखर सर और धनुष के साथ काम करना चाहती थी इसी वजह से 'कुबेर' के लिए हां कहा



धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' का आज सॉन्ग लॉन्च इवेंट हुआ। इस खास मौके पर नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष, रश्मिका मंदाना, जिम सरभ और दलीप ताहिल जैसे दिग्गज एक्टर्स ने शिरकत की। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित और सह-लिखित 'कुबेर' एक सोशल थ्रिलर है। इस दौरान अभिनेत्री रश्मिका मंदाना से फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। रश्मिका मंदाना ने डायरेक्टर शेखर कम्मुला और को-स्टार धनुष के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मैं शेखर सर और धनुष के साथ काम करना चाहती थी। यही वजह थी कि मैंने इस फिल्म के लिए हां कह दी। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा यकीनन मैंने ऐसा रोल पहले कभी नहीं किया। मैं पूरी तरह से डायरेक्टर के हवाले हो गई और यही खूबसूरती है। हर डायरेक्टर का अपना अंदाज होता है, इसीलिए मुझे इतने दिलचस्प और अलग-अलग किरदार निभाने को मिलते हैं। मैं इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in